जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

चूरू

Rashtradoot

फोनः- 256906, 256907, फैक्सः- 01562-256908 वर्षः 16 संख्याः 71 प्रभात चूरू, सोमवार 8 जुलाई, 2024 पो. रजि. न. चूरू/084/2019-21 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.



*रशियन फेडरेशन में उत्तरी कॉकेशिया के ऊबड़-खाबड़ इलाकों में प्राचीन मीनारें अभी भी देखी जा सकती हैं, इंगश, चैचन और वाइनैख लोगों द्वारा सदियों पहले शुरु की गई वास्तुकला परम्परा के मौन पहरेदार के रुप में। चार हज़ार सालों की अवधि में बनीं ये विशाल संरचनाएं आवास और रक्षा दोनों के लिए इस्तेमाल होती थीं। इस समय जो मीनारें बची हुई हैं, वो 13 वीं शताब्दी से 17 वीं शताब्दी के बीच बनाई गई थीं। अधिकतर इंगश मीनारें 6 से 12 मीटर के चौकोर ''बेस'' पर बनी थीं जिनकी ऊँचाई 10 से 25 मीटर तक होती थी। इन मीनारों को बनाने के लिए, पत्थर के ब्लॉक्स को संभवतया चूना, चूना-मिट्टी या चूना -रेत मोर्टार से जोड़ा जाता था। मीनारों का निर्माण विस्तृत विधि-विधान के साथ सम्पन्न होता था, चाहे मीनार सुरक्षा के लिए हो या रिहाइश के लिए। जानवरों की बलि चढ़ाने के बाद, रिवाज़ के अनुसार, उनका खून नींव के पत्थर पर लगाया जाता था और ''मास्टर बिल्डर'' की भूमिका को सराहते हुए गीत व लोककथाएं रची जाती थीं। इंगश परंपरा के अनुसार, मीनारों का निर्माण एक वर्ष के अंदर पूरा हो जाना होता था, अन्यथा, न केवल परिवार को कमज़ोर बल्कि मीनार बनाने वाले कारीगर को अयोग्य समझा जाता था। मीनार ढहने के गंभीर परिणाम होते थे, मीनार के मालिकों की प्रतिष्ठा को दाग लगता था और मुख्य मिस्त्री को भविष्य के काम मिलना मुश्किल हो जाता था। मीनारें अक्सर सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थानों, जैसे घाटी के प्रवेश, चौराहे या नदी के किनारों पर बनाई जाती थीं। मीनारों के लिए हिमस्खलन व भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं को झेल सकने वाले स्थानों को चुना जाता था। मीनारों के नैटवर्क की सहायता से पड़ौसी गांव, एक दूसरे पर लगातार निगरानी रखते। संकट के समय, मीनारों के बीच, संकेतों के माध्यम से सूचना का त्वरित आदान-प्रदान संभव होता था। आवासीय मीनारें दो से तीन मंजिला हुआ करती थीं। आवासीय मीनारों का भूतल, पशु धन को छाया देता था, जबकि दूसरी मंजिल पर लोग रहते थे। सबसे ऊपर वाली मंजिल पर खाने का सामान, कृषि औजार रखे जाते थे और किसी-किसी मीनार में तीसरी मंजिल पर बालकनी भी होती थी।*

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्व मु.मंत्री राजे से मुलाकात की

## विधानसभा की 5 सीटों पर होने वाले उप चुनाव और बजट सहित कई अन्य मुद्दों पर एक घंटे हुई चर्चा

- **माना जा रहा है कि, हाल में सम्पन्न हुये लोकसभा चुनावों में वसुंधरा राजे की नाराजगी के कारण पार्टी को भारी नुकसान उठाना पड़ा था।**
- **आगामी विधानसभा उपचुनाव के मद्देनज़र मु.मंत्री भजनलाल शर्मा की वसुंधरा राजे से इस मुलाकात को उनकी नाराजगी कम करने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है।**
- **मु.मंत्री ने लोकसभा चुनाव के पहले गत 26 जनवरी को वसुंधरा राजे से उनके घर जाकर मुलाकात की थी।**

जयपुर, 7 जुलाई (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे से मिलने उनके सरकारी आवास पर पहुंचे। मुख्यमंत्री एक घंटे से ज्यादा समय तक राजे के आवास पर रुके। माना जा रहा है कि दोनों नेताओं के बीच विधानसभा की 5 सीटों पर होने वाले उप चुनाव और बजट को लेकर चर्चा हुई। इसके साथ यह भी संभावना है कि डॉ. किरोड़ी लाल मीणा के इस्तीफे को लेकर भी चर्चा हुई होगी।

लोकसभा चुनावों से पहले भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 26 जनवरी को राजे से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की थी। दोनों नेताओं की आज की मुलाकात के कई सियासी मायने निकाले जा रहे हैं। दरअसल, जबसे भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री बने हैं, तबसे वसुंधरा राजे ने सरकारी और पार्टी के कार्यक्रमों से पूरी तरह से किनारा कर लिया था। भजनलाल सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विधायक और पार्टी पदाधिकारियों के साथ डिनर कार्यक्रम, लोकसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर आयोजित हुई चुनिंदा नेताओं की बैठक में भी राजे शामिल नहीं हुई थीं।

वहीं, लोकसभा चुनावों में भी राजे ने खुद को झालावाड़ संसदीय क्षेत्र तक ही सीमित रख लिया था। राजे पूरे लोकसभा चुनावों में किसी दूसरे संसदीय क्षेत्र में प्रचार के लिए नहीं गई थीं। इसे राजे की नाराज़गी के तौर पर देखा जा रहा था। अब इस साल होने वाले विधानसभा उप चुनाव मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के लिए असली चुनौती है। ऐसे में राजे को साधना पार्टी के लिए काफी जरूरी हो गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार ने सत्ता संभालने के साथ ही प्रदेश में पी.के.सी.-ई.आर.सी.पी. को लेकर मध्यप्रदेश के साथ एम.ओ.यू. साइन किया था। वहीं, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी कई बार सार्वजनिक मंचों से यह कह चुके हैं कि ई.आर.सी.पी. का प्रोजैक्ट तत्कालीन मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे लेकर आई थीं। इसे हमारी सरकार आगे बढ़ाने का काम कर रही है।

ऐसे में आज की मुलाकात में दोनों नेताओं के बीच पी.के.सी.-ई.आर.सी.पी. को लेकर भी चर्चा होना बताया जा रहा है। इसके साथ ही आने वाले बजट को लेकर भी दोनों नेताओं के बीच चर्चा होने की संभावना जताई जा रही है।

माना जा रहा है कि लोकसभा चुनावों में भाजपा के आशा अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाने तथा कई संसदीय क्षेत्रों में हार के पीछे भी वसुंधरा राजे की नाराज़गी अहम रही थी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बहुत जल्द ही बजट पेश करने वाले हैं। इस मुलाकात को बजट से जोड़कर भी देखा जा रहा है।

जैसा कि विदित है कि, पूर्व मुख्यमंत्री राजे ने राजस्थान के कई बजट पेश किये हैं। मु.मंत्री भजनलाल अपने 8 सिविल लाइन्स आवास से चलकर पूर्व मु.मंत्री वसुंधरा राजे के 13 सिविल लाइन्स गये।

वसुंधरा राजे से मिलने से पहले भजनलाल ने जोगाराम से भी उनके घर जाकर मुलाकात की। इस मुलाकात को शिष्टाचार मुलाकात बताया जा रहा है। इससे पहले वसुंधरा राजे भी भजनलाल के 8 सिविल लाइन्स आवास जाकर मुलाकात कर चुकी हैं।

# गंगानगर शहर बारिश से जलमग्न, बाढ़ जैसे हालात

## चौदह घंटे में तीन बार भारी बारिश आने से शहर के चारों ओर पानी ही पानी हो गया

- **गंगानगर शहर मुख्यालय पर 82 एम.एम. बारिश एवं चुनावढ़ में 54 एम.एम. बारिश दर्ज की गई।**
- **शहर में पानी की निकासी नहीं होने के कारण बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं, आवाजाही के लिए घर से बाहर निकले लोग बारिश और रास्तों पर पानी जमा होने के कारण घंटों बीच रास्ते में ही फंसे रहे।**

श्रीगंगानगर, 7 जुलाई (कासं)। गंगानगर इलाके में पिछले चौदह घंटे में तीन बार तेज बारिश आने से शहर में चारों ओर पानी ही पानी हो गया। पानी निकासी नहीं होने के कारण बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। घर से बाहर निकले लोग शहर के एक छोर से दूसरे छोर तक आवाजाही के लिए बारिश में फंस गए। कई वाहन बंद हो गए तो कहीं पानी निकासी आफत बनी। ई रिक्शा का संचालन काफी कम देखने को मिला। बरसाती पानी से ई रिक्शा ज्यादा खराब होते हैं, ऐसे में चालकों ने आवाजाही से दूरियां बनाये रखी। वहीं मजबूरी में निकले लोगों को जलमग्न हुई सड़कों को पार करने में अड़चन आई। पानी निकासी के इंतजाम रामभरोसे रहे। हालांकि पानी निकासी के लिए नगर परिषद की टीमों ने प्रयास किए है लेकिन धरातल पर नजर नहीं आए। इस बीच, जिला प्रशासन का दावा है कि, बारिश जिला मुख्यालय पर 82 एम.एम. बारिश, चूनावढ़ में 54 एम.एम., मिर्जेवाला में 58 एम.एम. बारिश हुई है जबकि सादुलशहर में 56 एम.एम. बारिश दर्ज की हैं। इसके अलावा सूरतगढ़ , करणपुर, राजियासर में भी बरसात के समाचार हैं।

जिला मुख्यालय पर रविवार को सुबह साढ़े छह बजे बरसात का दौर शुरू हो गया। करीब आठ बजे तक बरसी बारिश से शहर का अधिकांश एरिया जलमग्न हो गया। गौशाला मार्ग, मीरा मार्ग, सुखाडिया मार्ग, सूरतगढ़ मार्ग, पदमपुर रोड, रवीन्द्र पथ, गगन पथ, पुरानी आबादी के काफी इलाके पानी से पानी में नजर आए। इस बरसात से उमस भरी गर्मी से छुटकारा भले ही मिल गया हो लेकिन शहर के अधिकांश हिस्सों में पानी भराव हो गया है। इधर, ग्रामीण क्षेत्र में पानी के बिना मुरझाने के साथ दम तोड़ रही फसलों को नया जीवनदान मिला है।

शहर में अमृत योजना के तहत सीवरेज कार्य चल रहे हैं। सीवरेज कार्यों के तहत दर्जनों स्थानों पर सड़कों पर चैंबर्स के लिए गड्ढे खोद रखे हैं व निर्माण कार्य चल रहा है। रविवार को हुई तेज बारिश से गड्ढे पानी से भर गए। अनेक गड्ढ़ों में सड़कों से पानी पहुंचता रहा। इन गड्ढ़ों के कारण हादसे की आशंका बनी रही। वहीं गंगासिंह चौक, मल्टीपरपज स्कूल और पुरानी शुगर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# रणथम्भौर में बाघ टी-58 की मौत

- **रविवार शाम 6 बजे टाइगर हिंदवाड के पास फलोदी रेंज में मृत पाया गया। मौत के कारणों का पता सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद ही चल पाएगा।**

सवाई माधोपुर, 7 जुलाई (निस) । रणथंभौर अभयारण्य से रविवार को बाघ, टी-58 की मौत की दु:खद खबर सामने आई।

कार्यवाहक डीवीजनल फॉरेस्ट ऑफिसर मानस सिंह ने बताया की बाघ टी-58, बाघिन 26 शर्मीली का बेटा है, जिसकी उम्र 13 साल थी। टाइगर टी-58 रविवार को शाम को 6 बजे टाइगर हिंदवाड के पास फलोदी रेंज में मृत पाया गया। शव को राजबाग़ वन्य जीव मोर्चेरी में रखवाया गया। जिसकी मौत के कारणों का सोमवार पोस्टमार्टम के बाद ही पता चल पाएगा। टाइगर की मौत बाघ संरक्षण एवं वन्य जीव प्रेमियों के लिए बड़ी दु:खद खबर है।



*रणथम्भौर अभयारण्य में रविवार को बाघ टी-58 की मौत हो गई। रविवार शाम 6 बजे टाइगर हिंदवाड के पास फलोदी रेंज में टाइगर मृत पाया गया। बाघ टी-58, बाघिन 26 शर्मीली का बेटा है, जिसकी उम्र 13 साल थी।*

# राहुल आज मणिपुर व असम जाएंगे

- **कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सोमवार को पूर्वोत्तर की यात्रा पर रहेंगे जहां वे असम के बाढ़ पीड़ितों से मिलने के बाद मणिपुर के हिंसा पीड़ितों से भी मिलेंगे।**

नई दिल्ली, 7 जुलाई (वार्ता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सोमवार को पूर्वोत्तर की यात्रा पर रहेंगे जहां वे असम के बाढ़ पीड़ितों से मिलने के बाद मणिपुर के हिंसा पीड़ितों से भी मिलेंगे।

कांग्रेस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि गांधी सुबह असम के बाढ़ पीड़ित कछार जिले के थलाई राहत शिविर में जाएंगे और बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात करेंगे।

उन्होंने बताया कि उसके बाद गांधी सीधे मणिपुर जाएंगे जहां वह जिरिबिम हायर सेकेंडरी स्कूल,मोइरंग के फुबाला हाई स्कूल के साथ ही मंडप, तूबांग चुराचांदपुर में पीड़ितों के राहत शिविरों में लोगों से मिलेंगे।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# महिला क्रिकेटर्स के यौन उत्पीड़न केस में कोच गिरफ्तार

- **केरल के मानवाधिकार आयोग ने खुद की संज्ञान लेकर पूर्व कोच के खिलाफ महिला खिलाड़ियों से छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज करवाया है।**

तिरुवनंतपुरम, 7 जुलाई। केरल में महिला क्रिकेटरों के पूर्व कोच को यौन शोषण के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उस पर प्रशिक्षण सत्र के दौरान महिला छात्रों का यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया गया है। मामले में केरल के मानवाधिकार आयोग ने खुद की संज्ञान लेकर पूर्व कोच के खिलाफ महिला खिलाड़ियों से छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज करवाया है। साथ ही आयोग ने केसीए को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। पूर्व कोच पर आरोप है कि ट्रेनिंग सेशन के दौरान

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राहुल गांधी रेलगाड़ियों के लोको पायलट्स की ''दुर्गति'' के मुद्दे को संसद में उठायेंगे

## राहुल गांधी ने दो दिन पहले लोको पायलट्स से मुलाकात की थी तब उन्होंने उन्हें अपनी दिक्कतें बताईं और कहा कि, उनका जीवन बहुत कठिन हो गया है। उनसे बहुत ज्यादा काम लिया जाता है, छुट्टी नहीं दी जाती है और उन्हें पर्याप्त आराम नहीं मिलता जो रेल दुर्घटनाओं की भी एक वजह है

- **राहुल गांधी के लोको पायलट से मुलाकात का वीडियो कांग्रेस ने रविवार को अपने एक्स हैंडल पर जारी किया जिसमें पायलट अपनी समस्या राहुल गांधी को बता रहे हैं। कांग्रेस नेता ने उनकी समस्याएं सुनने के बाद कहा कि मोदी सरकार में लोको पायलटों का जीवन बेहद मुश्किल हो चुका है।**
- **उन्होंने कहा, गर्मी से खौलते केबिन में बैठ कर लोको पायलट 16-16 घंटे काम करने को मजबूर हैं। लगातार और बिना छुट्टी के काम करने की वजह से लोको पायलटों शारीरिक और मानसिक रूप से बीमार हो रहे हैं।**

नई दिल्ली, 7 जुलाई (वार्ता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि मोदी सरकार ने लोको पायलटों के जीवन की रेल को पटरी से उतार दिया है और उनके जीवन को बहुत कठिन बना दिया है इसलिए वह इस मुद्दे को संसद में उठाएंगे।

राहुल गांधी दो दिन पहले नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर लोको पायलटों से मिले थे और उन्होंने लोको पायलट की समस्याएं सुनी। इस दौरान लोको पायलट्स ने उन्हें अपनी दिक्कतें बताई और कहा कि उनका जीवन बहुत कठिन हो गया है। उनसे बहुत ज्यादा काम लिया जाता है, छुट्टी नहीं दी जाती है और उन्हें पर्याप्त आराम नहीं मिलता जो रेल दुर्घटनाओं की भी एक वजह है।

गांधी के लोको पायलट से मुलाकात का वीडियो कांग्रेस ने रविवार को अपने ट्विटर हैंडल पर जारी किया जिसमें पायलेट अपनी समस्या गांधी को बता रहे है। कांग्रेस नेता ने उनकी समस्याएं सुनने के बाद कहा कि मोदी सरकार में लोको पायलटों का जीवन बेहद मुश्किल हो चुका है।

कांग्रेस नेता ने कहा, लगातार और बिना छुट्टी के काम करने की वजह से लोको पायलटों शारीरिक और मानसिक रूप से बीमार हो रहे हैं। इंडिया समूह लोको पायलटों के अधिकारों और वर्किंग कंडीशंस को बेहतर किए जाने के लिए संसद तक आवाज उठाएगा। नरेंद्र मोदी की सरकार में लोको पायलटों के जीवन की रेल पूरी तरह पटरी से उतर चुकी है।

उन्होंने कहा, गर्मी से खौलते केबिन में बैठ कर लोको पायलट 16-16 घंटे काम करने को मजबूर हैं। जिनके भरोसे करोड़ों ज़िंदगियां चलती हैं उनकी अपनी ज़िन्दगी का कोई भरोसा नहीं रह गया है। यूरिनल जैसी बेसिक सुविधाओं से भी वंचित लोको पायलट्स के न काम के घंटों की कोई लिमिट है और न ही उन्हें छुट्टी मिलती है जिसके कारण वह शारीरिक और मानसिक रूप से टूट कर बीमार हो रहे हैं। ऐसे हालात में लोको पायलटों से गाड़ी चलवाना उनकी और यात्रियों की जान को जोखिम में डालना है।

# कांग्रेस विधायक दल की बैठक कल

- **होटल मेरियेट (जवाहर सर्किल, जयपुर) में आयोजित समारोह में कांग्रेस सांसदों का सम्मान भी किया जायेगा।**

जयपुर, 7 जुलाई (का.प्र.)। कांग्रेस विधायक दल की बैठक 9 जुलाई को आयोजित होगी। राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा कांग्रेस एवं इंडिया गठबंधन तथा बाप के नवनिर्वाचित सांसदों का स्वागत समारोह राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित किया जाएगा। सभी कार्यक्रम जयपुर में जवाहर सर्किल स्थित होटल मेरियट में आयोजित होंगे।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि 9 जुलाई को जयपुर के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

दोष पराये देखकर चालत हसंत-हसंत,
अपने याद ना आवई जिनका आदि ना अंत। –कबीर

# एक-दूसरे के पूरक हैं सत्ता पक्ष और प्रतिपक्ष!

यह बात अनेक बार कही जा चुकी है संसद की एक मिनिट की कार्यवाही पर कितना पैसा खर्च होता है! जितना पैसा संसद की कार्यवाही पर खर्च होता है, उतना तो नहीं लेकिन उससे कम राज्यों की विधानसभाओं की कार्यवाही पर भी खर्च होता है। कहने की ज़रूरत नहीं, लेकिन कहना भी है कि यह सारा पैसा जनता की अर्थात आपकी-हमारी जेब से जाता है। और जब हम पैसा खर्च कर रहे हैं तो हमारी यह अपेक्षा भी अनुचित नहीं कही-मानी जानी चाहिए कि इस पैसे का सदुपयोग हो!

संसद या विधानसभाओं, जिन्हें संयुक्त रूप से विधायिका कहा जाता है, का मुख्य काम है शासन चलाने के लिए नीतियां बनाना, और यह देखना कि वे नीतियां ठीक से क्रियान्वित हो रही हैं या नहीं! सत्ता पक्ष नीतियां तय करता है और उन्हें बनाता व लागू करता है तथा प्रति पक्ष इस बात का ध्यान रखने की कोशिश करता है कि यह सब न्यायसंगत तरीके से हो रहा है या नहीं! असल में तो सत्ता पक्ष व प्रति पक्ष एक-दूसरे के शत्रु नहीं, पूरक हैं। एक के अधूरे काम की तरफ दूसरा ध्यान आकर्षित करता है। अगर सत्ता पक्ष इस बात पर इतराता है कि उसे जनता ने चुना है तो उसे इस बात को भी याद रखना चाहिए कि प्रति पक्ष को भी उसी जनता ने चुना है। एक-दूसरे के प्रति सद्भाव और सहयोग रखकर ही दोनों अपनी-अपनी भूमिका का सही निर्वहन कर सकते हैं।

देखने की बात यह है कि क्या सच में ऐसा हो पा रहा है? लगभग हर जगह, मतलब संसद के दोनों सदनों और राज्यों की अधिकांश विधानसभाओं में, सदनों का ज़्यादा समय हंगामों की भेंट चढ़ जाने लगा है। यह प्रवृत्ति पहले कम थी, इधर बहुत बढ़ गई है। सत्ता पक्ष का आरोप होता है कि प्रति पक्ष सदन की कार्र्वाई नहीं चलने दे रहा है जबकि प्रति पक्ष कहता है कि उसे अपनी बात कहने के अधिकार से वंचित रखा जा रहा है। अगर वह अपनी बात ही न कह सके तो उसके होने का औचित्य क्या है? दोनों के बीच बहुत बार तो टकराव व्यवस्थागत मुद्दों को लेकर होते हैं और बहुत बार एक-दूसरे के व्यवहार और सोच को लेकर होते हैं। सत्ता पक्ष अपनी कोई आलोचना नहीं सुनना चाहता है, उसे सुनकर उसका जवाब देना तो बहुत दूर की बात है। और इसी तरह प्रति पक्ष सत्ता पक्ष के सकारात्मक पहलू को सिरे से खारिज़ करने लगता है। बात केवल यहीं तक सीमित नहीं रह जाती है। भाषा और व्यवहार की सारी मर्यादाएं तार-तार होने लगी हैं। एक आम नागरिक यह अपेक्षा करता है कि जिसे उसने चुनकर भेजा है वह सदन में जाकर गरिमापूर्ण और ज़िम्मेदारी भरा व्यवहार करेगा लेकिन बहुत बार उसकी यह अपेक्षा पूरी नहीं होती है। माननीयों का जो बरताव हम अपने टेलीविज़न के पर्दों पर देखते हैं उसे किसी भी तरह माननीयोचित नहीं कहा जा सकता।

एक समय था जब संसद और विधानसभाओं की बहसें हमें बहुत कुछ सिखाती थीं। हमारे निर्वाचित जन प्रतिनिधि पूरी तैयारी के साथ सदन में जाते थे और गरिमा व शालीनतापूर्वक अपनी बात कहते थे। ऐसा नहीं है कि तब किसी तरह की आलोचना नहीं होती थी। बहुत तीखी और ध्वस्त कर देने वाली आलोचना भी होती थी, लेकिन उस आलोचना का भी एक स्तर होता था, जिनकी आलोचना की जाती भी उनमें भी यह उदारता होती थी कि वे उस आलोचना को सुनते और गुनते थे, और अवसर आने पर उसका माकूल जवाब भी देते थे। आलोचना करने वाला भी धैर्य पूर्वक उस जवाब को सुनता था। वह ज़माना सीधे प्रसारण का नहीं था, इसलिए हम तक वह सारा विमर्श मुद्रण माध्यमों के ज़रिये ही पहुंचता था। लेकिन हमें वह बहुत रोचक और शिक्षा देने वाला लगता था। आज जब हम सदनों की कार्यवाही लाइव देखते हैं, कुल मिलाकर प्रतिक्रिया यह होती है कि इसे देखा ही क्यों? चुनाव जीतने पर जिनके प्रति मन में सम्मान का भाव पैदा होता था, उनका व्यवहार देखकर वह सारा सम्मान लुप्त हो जाता है।

जैसा मैंने पहले कहा, जब संसद या विधानसभाओं में हो-हल्ला होता है, प्रायः सत्ता पक्ष यह आरोप लगाता है कि प्रतिपक्ष सदन नहीं चलने दे रहा है। यहां दो बातें विचारणीय हैं। एक तो यह कि सदन की कार्यवाही चले, यह सुनिश्चित करना किसका दायित्व है: सत्ता पक्ष का या प्रति पक्ष का? अगर आप यह जवाब दे रहे हैं कि दोनों का, तो भी यह सवाल अपनी जगह रहेगा कि प्राथमिक दायित्व किसका है? प्रति पक्ष सहयोग करे यह सुनिश्चित करने का दायित्व सत्ता पक्ष का है, इससे इंकार नहीं किया जा सकता। दूसरी बात यह कि भला प्रति पक्ष की इस बात में कोई रुचि क्यों हो सकती है कि सदन न चले? उसका तो सारा हित सदन के चलने में निहित है। सदन चले और प्रति पक्ष अपनी बात कहे, सरकार को कटघरे में खड़ा करे – इससे बेहतर बात उसके लिए क्या हो सकती है? सदन के न चलने से हानि तो प्रति पक्ष की ही है। अब इसी बात को दूसरे कोण से भी देखें। अगर सदन ठीक से चले और प्रति पक्ष अपनी बात कह सके तो ज़ाहिर है कि सरकार की बहुत सारी खामियां सामने आएंगी। सरकार को, आज के माहौल वाली सरकार को, भला यह बात क्यों स्वीकार्य होगी? तो कोशिश तो उसकी होगी कि सदन की कार्यवाही न चले। बहुत बार तो यह भी लगता है कि सत्ता पक्ष प्रति पक्ष की आलोचना से बचने के लिए ख़ुद ऐसी स्थितियां पैदा करता है जिससे सदन में हो हल्ला हो, प्रति पक्ष अपनी बात न कह सके और अव्यवस्था की आड़ लेकर सत्ता पक्ष सदन की कार्यवाही स्थगित कर सके।

**एक समय था जब संसद और विधानसभाओं की बहसें हमें बहुत कुछ सिखाती थीं। हमारे निर्वाचित जन प्रतिनिधि पूरी तैयारी के साथ सदन में जाते थे और गरिमा व शालीनतापूर्वक अपनी बात कहते थे। ऐसा नहीं है कि तब किसी तरह की आलोचना नहीं होती थी। बहुत तीखी और ध्वस्त कर देने वाली आलोचना भी होती थी। आलोचना करने वाला भी धैर्य पूर्वक उस जवाब को सुनता था।**

असल में हमने पिछले कुछ बरसों में देखा है कि सरकारें, चाहे वे किसी भी दल की क्यों न हों, ज़्यादा से ज़्यादा घमंडी और असहिष्णु होती जा रही हैं। अपने खिलाफ़ कुछ भी सुनना उन्हें रास नहीं आता है। विरोध और असहमति की हर आवाज़ को कुचलना उनके स्वभाव का हिस्सा बन चुका है। यह आकस्मिक नहीं है कि लोकसभा के पिछले सत्र में एक साथ बहुत सारेविपक्षी सांसदों को निष्कासित किया गया। क्या अनुचित व्यवहार केवल प्रति पक्ष के सांसद ही करते रहे हैं? क्या सत्ता पक्ष के एक भी सांसद का व्यवहार ऐसा नहीं रहा होगा कि उस पर भी निष्कासन की कार्यवाही की जाती? क्या यह एक कटु यथार्थ नहीं है कि अब सरकारें किसी भी तरह की, कितनी भी छोटी से छोटी असहमति को सहन करने को तैयार नहीं हैं। ऐसे में सवाल यह भी उठना चाहिए कि फिर चुनाव का और पूरी विधायिका का तामझाम क्यों? जब सत्ता पक्ष को अपनी मनमानी ही करनी है, जब उसे प्रति पक्ष की कोई बात सुननी ही नहीं है तो फिर लोकतंत्र का अर्थ ही क्या रह जाता है?

सत्ता पक्ष प्रायः प्रति पक्ष पर यह आरोप लगाता है कि वह नकारात्मक, विध्वंसात्मक और असहयोगी है। इन आरोपों के आलोक में यह परीक्षण किया जा सकता है कि सत्ता पक्ष प्रति पक्ष से क्या अपेक्षा करता है! सकारात्मक प्रति पक्ष क्या और कैसा हो सकता है? क्या सत्ता पक्ष प्रति पक्ष से भी यह अपेक्षा करता है कि वह सत्ता पक्ष की आवाज़ में आवाज़ मिलाकर बात करेगा? सहयोग से उसका क्या अभिप्राय होता है? ग़ैर विध्वंसात्मक व्यवहार कैसा हो सकता है? क्या यह समझा जाए कि सत्ता पक्ष यह अपेक्षा करता है कि उसका नाम भले ही प्रति पक्ष हो, काम वह सत्ता पक्ष की तरह करे! क्या यह अपेक्षा उचित है? क्या इस तरह कोई स्वस्थ और जीवंत लोकतंत्र सम्भव है?

मुझे बहुत रोचक तो यह लगता है कि सत्ता पक्ष बार-बार प्रति पक्ष से कहता है कि उसे अमुक मुद्दे पर राजनीति नहीं करनी चाहिए! इससे अधिक हास्यास्पद बात और क्या हो सकती है? जो लोग राजनीति करके चुन कर आए हैं, वे अगर राजनीति नहीं करेंगे तो फिर करेंगे क्या? और क्या राजनीति कोई बुरी चीज़ है? सत्ता पक्ष राजनीति न करके कोई अन्य कार्य करता है? भाई, राजनीति में हैं तो राजनीति करेंगे ही। करनी भी चाहिए।

असल में पिछले कुछ बरसों में बहुत नियोजित तरीके से प्रति पक्ष को दबाया, कुचला और अदृश्य किया गया है। सत्ता ने अपने घमंड में यह सोचना ही बंद कर दिया कि वह कुछ ग़लत कर भी सकती है। अगर किसी ने उसके कामों पर सवाल उठाए तो उसने अपनी भाड़े की फौज़ से उनको दबाने के हर मुमकिन प्रयास करके उनके हौसलों को तोड़ा। लेकिन ऐसा हमेशा नहीं चल सकता। इस बार जैसे देश ने एक करवट ली है और जिस प्रति पक्ष को अनेक प्रयासों से लस्त-पस्त कर दिया था वह फिर से उठ खड़ा हुआ है। यह बात सत्ता पक्ष को पसंद नहीं आ रही है। संसद की इन दिनों की अनेक बातें इस बात की चुगली कर रही है कि सत्ता पक्ष अभी इस बात को पचा नहीं पा रहा है कि कोई उसके खिलाफ़ चूं तक भी करे! सत्ता पक्ष के प्रमुख चेहरों ने जिस भाषा और तेवर के साथ अपनी बात कही है और प्रति पक्ष का उपहास किया है उसने हमारे मुंह का स्वाद बिगाड़ा है।

हम तो एक ऐसे लोकतंत्र की कल्पना करते हैं जिसमें सत्ता पक्ष और प्रति पक्ष दोनों एक-दूसरे के प्रति सम्मान और सद्भावना से परिपूर्ण हों और यह मानकर काम करें कि वे एक-दूसरे के पूरक हैं। यह तभी सम्भव हो सकता है जब सत्ता पक्ष प्रति पक्ष को अपना शत्रु और अपने से कमतर मानना और आंकना बंद करे।

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# भगवान शिव जगत के प्रथम जीवंत पटकथा रचनाकार



प्रो. वीर बहादुर सिंह

कहते है कि एक बार भगवान शिव मां पार्वती के साथ हिमालय में किसी स्थान पर मौन मुद्रा में आसन लगाए बैठे हुए थे, उनके दिमाग में एक कथा ने जन्म लिया तो समाधि से निवृत होकर माता पार्वती से पूछा कि मेरे दिमाग में एक कहानी उपजी है जो बड़ी रोचक है तुम यदि सुनना चाहो तो सुना सकता हूँ लेकिन सुनने की शर्त एक है कि कहीं भी बीच में संदेह मत करना।

माता के राजी होने पर शिव जी ने कथा आरम्भ की। यह राम कथा थी जो उन्होंने प्रथम बार सुनायी थी, बाद में यही कथा महिर्षि वाल्मीक जी ने रामायण के रूप में काव्यबंद की और फिर महात्मा तुलसीदास ने रामचरित मानस के रूप में। बीच की अवधि में कई रामायणें विभिन्न लोगों ने रची, परन्तु उपरोक्त दो ग्रन्थ ही प्रसिद्धि पा सके। इन पटकथाओं की भिन्नता केवल भाषा की है, वाल्मीक जी ने संस्कृत भाषा और तुलसीदास जी ने हिंदी अवधी का मिश्रण अपनाया, जो कि उनके काल में पूरे उत्तर भारत में बोली जाती थी। कथानक दोनों रचनाओं में लगभग समान ही है। और वही है जो भगवान शिव ने माता पार्वती को सुनाया। यह कथा बहुत ही विलक्षण है।

उपरोक्त वर्णित दोनों काव्य ग्रंथ आज भी बने हुए हैं। इस कथा की विलक्षणता ये है कि भगवान शिव ने कथानक के अनुसार सभी पुरुष और स्त्री पात्रों को भी एक काल में उनके किरदार के अनुसार जमीं पर उतार दिया। यथा–राम, रावण, राजा दशरथ, जनक, कैकय, कौशल्या, सुमित्रा, सीता, लक्ष्मण, भरत, हनुमान, बिभीषन, त्रिजटा, मंदोदरी, सुग्रीव, अंगद, जामवंत, निषादराज, केवट, चित्रकूट, किष्किंधा, स्वंय प्रभा, सूर्पनखा, मारीच, गीधराज-जटायु, सम्पाती, मंथरा इत्यादि अनेक पात्र जो इस पटकथा में शामिल हैं, धरती पर जन्म लिए। कहीं कोई असमंजस अथवा उलटफेर नहीं, भगवान शिव द्वारा देखा गया मानसिक चित्रण हूबहू धरती पर वैसे ही पात्रों ने निभाया जैसा उन्होंने समाधि में देखा और फिर माता को सुनाया। क्या इतना पढ़कर नहीं लगता कि यह कथानक वर्तमान काल के चलचित्रों की भाँति ही जगत के विशाल परदे पर कभी धरती पर घटित हुआ? विचार करके देखिये।

यह कथानक जगत में विभिन्न दृष्टिकोणों से अपनी विशेषताओं के कारण काफी प्रचलित हुआ यहाँ तक कि इसके सुनने मात्र से लोगों के दुःख नष्ट होने लगे। और स्वयं भगवान शिव को सती की मृत्यु पश्चात् असीम विकलता से पार आने के लिए महिर्षि नारद जी ने उन्हें नील पर्वत पर जाकर काकभुसुंडि द्वारा कही जाने वाली कथा सुनने का सुझाव दिया था जिससे भगवान शिव अपनी प्रिय पत्नी के वियोग के दुःख से छूट गए थे। काकभुसुंडि द्वारा कही कथा राम कथा थी। क्या सच है क्या नहीं मेरी बुद्धि से यह परे की चीज है। लेकिन फिर कालान्तर में माता सीता को भी लंका में रावण की कैद में रहते असीम दुःख से इस राम कथा के सुनने से ही विरह संताप से मुक्ति मिली थी। ये कहानी तन बाबा हनुमान जी ने उन्हें एक पेड़ पर बैठ सुनाई थी जिससे माता सीता का विरह दुःख मिट गया था। वर्तमान में भी किसी प्राणी की शव यात्रा में लोग 'राम नाम सत्य है' बोलते हुए शव को शमसान दाह संस्कार के लिए ले जाते हैं। कहने का तात्पर्य ये है कि सनतानिओं में अब राम नाम अथवा कथा पूर्ण या केवल सुन्दर कांड कथा सुनने-सुनाने का काफी प्रचलन हो गया है।

अब एक दूसरा पक्ष कि सनतानिओं के तीन भगवान यथा ब्रह्मा, विष्णु और महेश प्रमुख रूप से कहे जाते हैं। ब्रह्मा जी जीवों की उत्पति करने वाले अथवा प्राणिओ के जनक माने जाते हैं जबकि विष्णु जी पालन हार और महेश या शिव संघार/विनाश के भगवान माने जाते हैं, भगवान शिव को लोग बहुधा कल्याणकारी भगवान भी मानते हैं और इसलिए उनकी व्यापक रूप से पूजा-अर्चना होती है। भगवान ब्रह्मा जी के कार्य से कोई मतभेद नहीं है उनकी पूजा-अर्चना अलग की जा सकती है जबकि विष्णु जी और शिव जी एक-दूसरे को पूजते आराधना करते दीखते हैं। ऐसा क्यों मेरी समझ से परे है। कहते हैं भगवान शिव राम जन्म और कृष्ण जन्म के अवसर पर उनके दर्शन के लिए धरती पर आये थे। जबकि श्री राम ने लंका पर चढ़ाई के समय शिव लिंग स्थापित कर समुद्र तट पर रामेश्वरम में भगवान शिव की पूजा की थी। दोनों भगवान के मध्य कितना सामंजस्य है मैं नहीं कह सकता? इस पक्ष पर अपनी अपनी अनुभूति से लोग निष्कर्ष निकालें।

अवतार की दृष्टि से भगवान ब्रह्मा का कोई अवतार ज्ञात नहीं है। वहीं भगवान विष्णु के कई अवतार यथा राम, कृष्ण, आदि दस अवतार बताये जाते हैं लेकिन ब्रह्मा जी का कोई अवतार मुझे ज्ञात नहीं है। वहीं भगवान शिव के रूद्र रूप में बाबा हनुमान जी जगत प्रसिद्ध हैं और सर्वत्र धर्म से परे व्यापक रूप से पूजे भी जाते हैं। उनकी एक अलग विशिष्टता है जिस पर अलग से बहुत कुछ कहा और लिखा जा सकता है। लेखक आशा करता है की उपरोक्त वर्णन पाठकों को रुचिकर लगेगा।

**–प्रो. वीर बहादुर सिंह,**
**खाद्य विज्ञ, पूर्व कुलपति,**
**महाराना प्रतापकृषि एवं**
**प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय,**
**उदयपुर**

# मेघ मल्हार की तर्ज पर रंग मल्हार में छाई इन्द्र धनुष के रंगों की छटा

## "अन्तर्राष्ट्रीय रंग मल्हार-2024" का आयोजन, वरिष्ठ, युवा एवं बाल कलाकारों ने स्वच्छता के प्रति एप्रोन पर इन्द्र धनुषी रंगों की छटा बिखेरी

**भीलवाड़ा,** (निसं)। स्थानीय आकृति कला संस्थान भीलवाड़ा, जिला प्रशासन भीलवाड़ा एवं एल.एन.जे. समूह के सहयोग से आयोजित "अन्तर्राष्ट्रीय रंग मल्हार-2024" का आयोजन रविवार को हुआ। स्थानीय ग्रामीण हाट की कला दीर्घा में शहर के 100 से अधिक वरिष्ठ, युवा एवं बाल कलाकारों ने स्वच्छता के प्रति एप्रोन पर इन्द्र धनुषी रंगों की छटा बिखेरी।

जानकारी देते हुये संस्थान के सचिव कैलाश पालिया ने बताया कि शहर के 125 वरिष्ठ, युवा एवं बाल कलाकारों ने अपनी-अपनी शैली में एप्रोन पर चित्रांकन कर भगवान इन्द्रदेव से मेघ मल्हार की तर्ज पर रंग मल्हार के माध्यम से पानी की कमी ना हो, शांति एवं सद्भाव बना रहे आदि की कामना की। प्रत्येक कलाकार ने एक से बढ़कर एक चित्रांकन किया, जिसमें भारत की लोक चित्र शैलियां, राजस्थानी संस्कृति, पर्यावरण, स्वच्छता आदि विषयों पर चित्रांकन किया। इस आयोजन में 90 वर्ष तक से लेकर सबसे कम 8 वर्ष की भूवी केसवानी व लाईशा कोठारी ने भी एप्रोन पर चित्रांकन किया। यह आयोजन भीलवाड़ा के अलावा चित्तौड़गढ़, बीकानेर, उदयपुर, जयपुर, जोधपुर, अजमेर, नाथद्वारा, गुजरात, मध्यप्रदेश, मुम्बई, दिल्ली आदि शहरों के साथ-साथ 20 देशों के लगभग 4000 से अधिक कलाकार ऑनलाईन व ऑफ लाईन माध्यम से जुड़े। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी लक्ष्मीनारायण डाड, एल.एन.जे. ग्रुप के ओएसडी रंजनीश कुमार वर्मा, सुभाष नगर थाने के अतिरिक्त थानाधिकारी ओमप्रकाश, कत्थक नृत्यांगना रमा पचिसिया, डॉ. मनीष रंजन ने सभी कलाकारों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।



'अन्तर्राष्ट्रीय रंग मल्हार-2024" में शहर के वरिष्ठ, युवा एवं बाल कलाकारों ने भाग लिया।

■ **चित्रांकन कर भगवान इन्द्रदेव से मेघ मल्हार की तर्ज पर रंग मल्हार के माध्यम से पानी की कमी ना हो, शांति एवं सद्भाव बना रहे आदि की कामना की**

इस आयोजन में मुख्य रूप से गोवर्धन सिंह पंवार, मंजू मिश्रा, सत्यनारायण सोनी, गोपालदास, बालकिशन जांगिड़, इकबाल हुसैन, ज्योति पारीक, दीपिका पाराशर, सीमा सांखल, माही मूंदड़ा, खुशी कोठारी, दृष्टि जैन, तृप्ती समतानी, मितिशा अग्रवाल, कोमल रानी, अन्नु प्रजापत, राजेश जोशी, सांची माहेश्वरी, अनुष्का पाराशर, आवृती जैन, उमंग उपाध्याय, आयुष राठौड़िया, रिया छापरवाल, अंकित बैरवा, बबलु रेगर, भूमि केशवानी, सिद्धी केशवानी, हर्ष सोनी, अनवेशा सोनी, हर्षिता शर्मा, लोकेश खटीक, शांतिलाल गाडरी, हितेन्द्र शर्मा, वेदिका शुक्ला, अक्षपरी चुण्डावत, नवीन कुमार माली, लोकेश खटीक, आर्विन जायसवाल सहित 125 कलाकारों ने भाग लिया।

# ग्राम काशीपुरा में महिला मनरेगा श्रमिकों ने बदली तस्वीर

**मसूदा,** (निसं.)। मनरेगा योजना ने मसूदा उपखण्ड क्षेत्र की मनरेगा श्रमिक महिलाओं ने अपनी व परिवार की काया ही पटल कर रख दी। परिवार का खर्च व बच्चों की पढ़ाई आदि का बोझ खुद उठा रही मनरेगा श्रमिक महिलाओं ने बता दिया कि वह किसी क्षेत्र में कमजोर नहीं है।

मसूदा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत देवपुरा का ग्राम काशीपुरा शहरी क्षेत्र से लगभग 25 किलोमीटर दूर पहाड़ियों में स्थित है जहां मजदूरी काम रोजगार का अभाव है। महात्मा गांधी महानरेगा योजना के अंतर्गत पिछले 5 सालों से ग्राम की मुखिया वार्डपंच सुरमा पत्नी गोपाल फौजी के कुशल नेतृत्व से हर वर्ष योजना के तहत 100 दिन का काम रोजगार मिल रहा है जिससे गांव की तस्वीर ही बदल गई है। गांव के कई परिवार रोजगार की तलाश में शहर की ओर पलायन करने से रुक गए हैं। पिछले 5 सालों से गांव में ही योजना के तहत पर्याप्त रोजगार काम मिल रहा है, जिससे अपना परिवार का खर्च पालन-पोषण करने में कोई परेशानी नहीं हो रही है।



ग्राम काशीपुरा में मनरेगा योजना के अंतर्गत 5 साल से हर वर्ष 100 दिन का रोजगार मिल रहा है।

■ **घर का खर्च उठाने, बच्चों की पढ़ाई के साथ बदला घर का माहौल**

हर वर्ष 100 दिन पूर्ण होने के साथ ही गांव में कई विकास कार्य हो रहे हैं मनरेगा श्रमिक शांति, बनी, शहनाज, संतोष, मदीना, केली, रुकमा जमना आफु, फेफी, कोया, मंजू सीता, वार्ड पंच सुरमा का इनका कहना है कि पिछले 5 सालों से हर साल 100 दिन का रोजगार मिल रहा है जिससे हमें परिवार चलाने में कोई परेशानी नहीं हो रही है। गांव में ही पर्याप्त रोजगार मिलने पर सभी नरेगा श्रमिकों ने वार्ड पंच सुरमा पत्नी गोपाल फौजी व सरपंच शमीम हैदर को धन्यवाद दिया।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 8 जुलाई, 2024**

आषाढ़ मास, शुकल पक्ष, तृतीया तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2081, पुष्य नक्षत्र प्रातः 6:03 तक, वज्र योग रात्रि 2:06 तक, तैतिल करण सांय 5:34 तक, चन्द्रमा आज कर्क राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-मिथुन, चन्द्रमा-कर्क, मंगल-मेष, बुध-कर्क, गुरू-वृष, शुक्र-कर्क, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग प्रातः 6:03 तक है। आज से मुहर्रम मु. मास है। हिजरी सन् 1446 आरम्भ होगा।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 7:25 तक, शुभ 9:07 से 10:49 तक, चर 2:14 से 3:56 तक, लाभ-अमृत 3:56 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 5:42, सूर्यास्त 7:20

**मेष**
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। चलते व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**वृष**
व्यावसायिक/आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता यथावत बनी रहेगी। आय में वृद्धि होगी। संभावित धन प्राप्त होगा।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्य के लिए यात्रा संभव है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को बाहर जाना पड़ सकता है और अतिरिक्त कार्य की जिम्मेदारी मिल सकती है।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**सिंह**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**वृश्चिक**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**धनु**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**मकर**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कुंभ**
स्वास्थ्य में सुधार होगा। अस्त-व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

**मीन**
व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

## प्रधान के खिलाफ लामबंद हुआ विपक्ष

**चिड़ावा, (निसं)।** चिड़ावा पंचायत समिति की प्रधान इंद्रा डूडी की प्रधानी मुश्किल में हैं। दरअसल डूडी के खिलाफ विपक्ष लामबंद हो गया है। फिलहाल 21 में से 16 सदस्य लामबंद होकर जयपुर में अज्ञात स्थान पर हैं। सभी अब अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी में हैं। प्रधान विरोधी खेमे की अगुवाई कर रहे रोहिताश्व धांगड़ ने बताया कि 21 में से 16 एक साथ जिला परिषद सीईओ व बीडीओ के सामने प्रस्ताव पेश कर प्रधान को हटाने की मांग करेंगे। इधर प्रधान इंद्रा डूडी अचानक हुए इस घटनाक्रम के बाद एक्टिव हो गई हैं। उन्होंने कहा है कि चाहे कोई कितना ही प्रयास कर ले, वे प्रधान पद पर कायम रहेंगी। उन्होंने कई सदस्यों के अब भी उनके साथ होने का दावा करते हुए सदन में उनके पास बहुमत होने का भरोसा जताया है। फिलहाल चिड़ावा पंचायत समिति में भाजपा के दो, कांग्रेस के दस और निर्दलीय नौ सदस्य हैं। इनमें से भाजपा और निर्दलियों के अलावा कांग्रेस की टिकट पर चुने गए कई सदस्य भी अब प्रधान के खिलाफ गुट में शामिल हैं। हालांकि अभी ये खुलासा नहीं हो सका है कि कौन कौन सदस्य विरोधी गुट की बाड़ाबंदी में है। लेकिन फिलहाल प्रधानी पद को लेकर विरोधी गुट की इस बाड़ाबंदी ने प्रधान इंद्रा डूडी के पसीने जरूर ला दिए हैं। इससे प्रधान खेमे में काफी मायूसी है।

# बहाव क्षेत्र में अतिक्रमण होने से कासावती नदी एवं रायपुर बांध में नहीं पहुंचा बरसात का पानी

### दो-तीन अच्छी बारिश होने के बावजूद भी नहीं पहुंच रहा पानी

■ किसानों के मन में चिंता के भाव बने हुए हैं

**पाटन, (निसं)।** क्षेत्र में मानसून ने दस्तक दे दी है तथा इस मानसून सत्र की दो-तीन बरसात बहुत ही अच्छी हो चुकी हैं। लगभग 100 एम एम के आसपास बरसात हो चुकी है उसके बावजूद भी बरसात का पानी कासावती नदी एवं रायपुर बांध में नहीं पहुंच पा रहा है। इसको लेकर किसानों के मन में चिंता के भाव बने हुए हैं, क्योंकि इस क्षेत्र के अधिकांश किसान जमीन एवं पशुपालन पर निर्भर हैं। क्षेत्र का जलस्तर दिन प्रतिदिन गहरा होता हुआ जा रहा है, ऐसे में किसानों की पैदावार एवं किसानों के पशुओं पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं।

इस बारे में सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश मीणा भराला ने बताया कि कासावती नदी का निकास निमोद, खादरा से है जो जीर की चौकी ,भराला, रायपुर मोड होते हुए रायपुर बांध में जा रही है यही नदी आगे जाकर पटौदी के डहरों में फैल जाती है। इस मानसून की दो भारी बरसात हो चुकी हैं परंतु बरसात का पानी का कासावती नदी में नहीं पहुंचा, इसका मुख्य कारण कासावती नदी के बहाव क्षेत्र में नियम विरुद्ध खनन और बहाव क्षेत्र व केचमेंट एरिया के पास लगे स्टोन क्रैशरों से नदी में आने वाला पानी पूर्ण रूप से डाइवर्ट हो गया है, जिसके चलते इलाके में जल संकट बना रहता है।




कासावती नदी के बहाव क्षेत्र में नियम विरुद्ध खनन से नदी में आने वाला पानी पूर्ण रूप से डाइवर्ट हो गया है।

क्षेत्र के लोगों की आजीविका भी खेती और पशुपालन पर निर्भर है, परंतु दो बार हुई बारिश का पानी कासावती नदी में नहीं आने से किसान वर्ग को भी चिंता सताने लगी है। क्योंकि क्षेत्र के हर किसान की निगाहें आज रायपुर बांध पर टिकी हुई है, रायपुर बांध में बरसात का पानी आता है तो क्षेत्र का जल स्तर बढ़ता है अगर बांध में पानी नहीं आया तो किसानों का भविष्य चौपट के कगार पर है।

नदी में किए गए अतिक्रमण को लेकर कैलाश मीणा ने पूर्व में भी जिला कलेक्टर सीकर, उपखंड अधिकारी नीमकाथाना, तहसीलदार नीमकाथाना एवं प्रदेश के मुखिया वजीर ए आलम को भी शिकायतों के माध्यम से अवगत करवाया गया था, उसके बावजूद भी कासावती नदी में किए गए अतिक्रमण को नहीं हटाया गया। जिसके चलते आज काफी वर्षों से रायपुर बांध में पानी नहीं आ रहा है और इसी कारण से क्षेत्र का जलस्तर दिन प्रतिदिन नीचे जा रहा है। अब तो हालत ऐसे हो गये हैं कि पीने के पानी का भी संकट बन गया है। समय रहते अगर अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो रायपुर बांध जो नीमकाथाना और सीकर जिले का सबसे बड़ा बांध है वह पानी के अभाव में दम तोड़ देगा। ऐसी ही स्थितियां क्षेत्र के अनेक छोटे तालाबों का है जहां बरसात का पानी पहुंच ही नहीं रहा है पानी वाले रास्तों पर लोगों ने अवैध अतिक्रमण कर मकान बना लिए हैं जिस कारण पाटन के जोहडे में भी पानी नहीं पहुंच रहा है, क्योंकि पानी के रास्तों को लोगों ने अवरूद्ध कर दिया है ऐसे में पानी तालाब में पहुंच ही नहीं रहा है। प्रशासन ने समय रहते अगर कार्यवाही नहीं की तो क्षेत्र के हालत बद से बद्तर हो जाएंगे।

## सार-समाचार

### जगन्नाथमय हुआ चिड़ावा



**चिड़ावा, (निसं)।** शहर में आज भगवान जगन्नाथ ने बलभद्र और सुभद्रा के साथ पालकी में नगर भ्रमण किया। जगन्नाथ महोत्सव दिवस के अवसर पर श्री हरिनाम प्रभात फेरी मंडल की ओर से कल्याण राय मंदिर के बाहर पहले आचार्य हीरालाल पुजारी और अमरराज पंडित के सानिध्य में विधिवत पूजा अर्चना की गई। जिसके बाद भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के विग्रहों से सजी पालकी को श्रद्धालुओं ने कंधों पर विराजित कर नगर भ्रमण की शुरुआत की। ये पालकी यात्रा कल्याण राय मंदिर से पुरानी नगरपालिका रोड, कोर्ट रोड, विवेकानंद चौक, कॉलेज रोड सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए प्राचीन जगदीश मंदिर पहुंची। यहां पर विशेष पूजन किया गया। इससे पूर्व यात्रा का शहर में काफी जगह स्वागत हुआ। वहीं महिलाओं ने भगवान के विग्रह का रास्तों में पूजन भी किया। इस दौरान हरे राम, हरे कृष्ण, जय जगन्नाथ, जगन्नाथ स्वामी सर्व सुखनामी आदि की मधुर स्वर लहरियों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। यात्रा में देवानंद चौधरी, अशोक पुजारी, रामचंद्र शर्मा, महेश आजाद, रामकिशन केडिया, सुभाष पंवार, शिवसिंह गौड़, अमित गुप्ता, बेणीप्रसाद सहित काफी संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए।

### बच्चों को भोजन करवाया

**घांघू, (का.सं.)।** निकटवर्ती गांव घांघू के अंकित कुमार जांगिड़ पुत्र सुरेंद्र कुमार जांगिड़ ने चूरू में झुग्गी झोपड़ी के बच्चों के लिए संचालित आपणी पाठशाला के सभी बच्चों को मिठाई के साथ बढ़िया खाना खिलाकर आपणी पाठशाला के इन बच्चों के प्रति मानवीय संवेदना व्यक्त की है। गांव के अंकित कुमार जांगिड ने बताया की चूरू में उन्होंने तीन वर्ष पहले बिलिफ पैरामेडिकल क्लासेज़ चूरू के नाम से कोचिंग शुरू की थी। कोचिंग की अच्छी सफ़लता के उपलक्ष में उन्होने आपणी पाठशाला के बच्चों को भोजन खिलाया। आपणी पाठशाला संचालक मण्डल ने बच्चों को भोजन करवाने पर आभार प्रकट किया। इस मौके पर सुनिल कुमार जांगिड़, अंकित कुमार जांगिड़, दिनेश जांगिड़, विशाल जांगिड़, कमल जांगिड, महेंद्र जांगिड़, निखिल रेवाड़, मनोज प्रजापत, रविन्द्र जांगिड़ ने बच्चों को भोजन परोसने में सहयोग किया।

### चूरू सांसद कस्वां राहुल गांधी से मिले

**चूरू, (कासं)।** चूरू लोकसभा से कांग्रेस सांसद राहुल कस्वा ने नई दिल्ली में लोकसभा में नेताप्रतिपक्ष व ऑल इंडिया कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात कर पार्टी नेतृत्व ने राजस्थान के द्वितीय चरण एवं हरियाणा और पंजाब लोकसभा चुनाव में दी गई कांग्रेस उम्मीदवारों के पक्ष में जिम्मेदारी से किये गए प्रचार कार्य से भी अवगत करवाया । चूरू जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जमील चौहान ने बताया कि राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी से पूर्व सांसद राम सिंह कस्वा ,पूर्व विधायक कमला कस्वा ने भी शिष्टाचार की मुलाक़ात की और अपने विचार रखे। चौहान ने बताया कि रामसिंह कस्वा भाजपा से चार बार सांसद व विधायक रहे । कमल कस्वा भी भाजपा से विधायक व जिला प्रमुख भी रही है। लोकसभा चुनाव 2024 में ही इन्होंने कांग्रेस का दामन थामा था ।

### 500 पौधे लगाने का लक्ष्य



**सादुलपुर, (निसं)।** अम्बेडकर विकास संस्थान को हरा भरा बनाने के अभियान अंतर्गत कार्यक्रम शुरू कर दिया गया है तथा संस्थान में 500 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। शिक्षक उमेद सुणिया द्वारा चलाये गए अभियान के तहत शिक्षक सुरेन्द्र लेकरा की ओर से 50 पौधे लगाए गए। संस्थान अध्यक्ष सत्यवीर सिंह बागोत ने बताया कि उम्मेद सुणिया ने इस अभियान में 500 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। जिसके तहत 50 पौधे लगा कर शुरुआत की है तथा पौधों की देखभाल की भी जिम्मेदारी दी गई। इस मौके पर शिक्षक संघ अम्बेडकर के अध्यक्ष मानसिंह मेहरा, बृह्मानंन्द मेहरा, ओमप्रकाश मेहरा, राकेश गोठवाल, पार्षद रोहताश जोईया, गजेंद्र बौद्ध, सुरेन्द्र लेकरा, शहनाज अहमद, हनीफ शेख, मोहसिन शेख, पुरुषोत्तम देव पण्डिया, मकसूद चिश्ती सहित इन्नमा की टीम का विशेष सहयोग रहा।

## गांवों में घर-घर जल पहुंचने का कार्य हुआ पूरा

■ जल जीवन मिशन के कार्यों में सीकर जिला 29 वें स्थान पर आया

**सीकर, (निसं)।** घर-घर जल पहुंचने को लेकर संकल्पबद्ध राजस्थान की भजनलाल सरकार के गुड गवर्नेंस के चलते जल जीवन मिशन के कार्यों में सीकर जिला 29 वें स्थान पर आ गया है। 23 से बढ़कर 115 गांव ऐसे हो चुके हैं। जिनमें शत प्रतिशत घरों में नल कनेक्शन जारी किये गए हैं। यह सब इसलिए संभव हो पाया की जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने सीएम भजनलाल शर्मा व सरकार की मंशा के अनुरूप घर-घर जल पहुंचने वाली योजना जल जीवन मिशन के तहत जिलेभर में चल रहे कार्यों की समीक्षा कर प्रगति पर नजर बनाए रखी।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता चुन्नी लाल भास्कर ने बताया कि सरकार की जल जीवन मिशन एक महत्वाकांक्षी योजना है। जिसका उद्देश्य हर ग्रामीण के घर में नल के माध्यम से स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल प्रदान करना है। राजस्थान जैसे जल-संकटग्रस्त राज्य के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। जल जीवन मिशन का उद्देश्य हर ग्रामीण घर को प्रति व्यक्ति 55 लीटर पानी प्रतिदिन उपलब्ध कराना है। इस मिशन में जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन और ग्रे वॉटर के पुनः उपयोग जैसे स्त्रोत स्थिरता उपायों को अनिवार्य तत्व के रूप में शामिल किया गया है। यह मिशन सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। जिससे स्थानीय समुदायों में स्वामित्व की भावना पैदा हो। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश में जल जीवन मिशन में पेयजल स्कीम व प्रोजेक्ट की गति बढ़ाने साथ-साथ फील्ड में पाइपलाइनों व टंकियों के निर्माण में हो रही गडबडियों को लेकर गंभीर है। सरकार बनने के पश्चात मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जल जीवन मिशन योजना को व्यक्तिगत रूप से लेते हुए कई बैठकों का आयोजन कर महत्वपूर्ण फैसले लिए जिसके परिणाम स्वरूप जिलों में जल जीवन मिशन की प्रगति को रफ्तार मिली। सीकर जिले में जेजेएम के तहत अब तक लगभग 1 लाख 28 हजार 613 कनेक्शन हुए जिससे नल से घर तक पानी पहुंचा है।

# 'आमजन के स्वास्थ्य की रक्षा करना ही रेडक्रॉस सोसाइटी का मुख्य उद्देश्य'

■ इण्डियन रेडक्रॉस सोसाइटी और राजस्थान पेंशनर समाज के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा जांच शिविर आयोजित

**चूरू, (कासं)।** इण्डियन रेडक्रॉस सोसाइटी और राजस्थान पेंशनर समाज जिला शाखा चूरू के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को जिला पेंशनर कल्याण केन्द्र में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में सीकर के टीबड़ा आई हॉस्पिटल एण्ड रेटिना सेंटर के नेत्र चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. नन्दकिशोर टीबड़ा व उनकी टीम के महेन्द्र जाखड़, जितेन्द्र बलारां व विकास चौधरी ने रोगियों के आंखों की आधुनिक मशीनों द्वारा जांच कर निःशुल्क दवाईयां वितरित की गई। इस मौके पर जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी ने शिविर को आमजन के लिए उपयोगी बताया और कहा कि मानव जीवन और लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा करना तथा मानव पीड़ा को कम करना ही इण्डियन रेडक्रॉस सोसाइटी का प्रमुख उद्देश्य है। इण्डियन रेडक्रॉस सोसाइटी की चूरू जिला शाखा समय-समय पर नेत्र चिकित्सा व स्वास्थ्य सम्बन्धी अनेक शिविरों का आयोजन कर समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम के प्रारम्भ में पेंशनर समाज के जिलाध्यक्ष बिरजूसिंह राठौड़, सेवानिवृत्त मुख्य लेखाधिकारी भागीरथ शर्मा, अतिरिक्त कोषाधिकारी रामस्वरूप शर्मा, पेंशनर समाज के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश तंवर, सचिव पूर्णमल सोनी, उपाध्यक्ष हरिसिंह, संयुक्त सचिव शेरसिंह चौहान, रेडक्रॉस सोसाइटी के जिला सचिव रघुनन्दन शर्मा, श्यामसुन्दर शर्मा, छत्रसिंह डागा, जगदीश प्रसाद शर्मा, जगदीश प्रसाद सर्राफ आदि ने मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी को गुलदस्ता व पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कलेक्टर सत्यानी ने शिविर प्रभारी चिकित्सक डॉ. नन्दकिशोर टीबड़ा से शिविर की प्रगति के बारे में जानकारी ली तथा रोगियों से वार्ता कर उनकी कुशलक्षेम पूछी व उन्हें फल वितरित किए। इस दौरान जिला कलेक्टर ने पौधरोपण कर पर्यावरण का संरक्षण करने का संदेश दिया। पेंशनर समाज द्वारा संचालित गतिविधियों एवं उल्लेखनीय समाज सेवा कार्यों से प्रभावित होकर जिला कलेक्टर ने पेंशनर समाज कार्यालय के लिए एक ए.सी. प्रदान करने की घोषणा की। इस अवसर पर पेंशनर समाज के घनश्याम शर्मा, विनोदकुमार जांगिड़, महावीर प्रसाद लखेरा, लक्ष्मण सिंह बीका, जगमालसिंह टकणेत, अशोक कुमार स्वामी, ओम प्रकाश इन्दोरिया, रामेश्वरलाल पंवार, दुलीचन्द सोनी तथा अलायन्स कल्ब के भंवरलाल जांगिड़, बुद्धरमल जांगिड़, हरिकिशन जांगिड़, शंकर लाल सैनी सहित बड़ी संख्या में पेंशनर व रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्य उपस्थित थे। संयोजक हरिसिंह ने बताया कि शिविर में 61 रोगी लाभान्वित हुए।



पेंशनर ने जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी का स्वागत किया। बजरंग सैनी

## मनोनीत मंडल अध्यक्ष का अभिवादन

**चूरू, (कासं)।** भारतीय जनता पार्टी नगर मण्डल कार्यालय में नव नियुक्त ओबीसी मोर्चा में मनोनित हुए मण्डल अध्यक्ष जुगल कम्मा व हिमांशू वर्मा का मण्डल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत व दीनदयाल सैनी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पार्टी का दुप्पटा माला व मुंह मीठा करवाकर अभिन्नदन किया।

इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत ने कहा कि मोर्चा पार्टी का मुख्य आधार होता है और मोर्चा पदाधिकारी पार्टी की रीति नीति को आम जनता में पहुंचाने में विशेष योगदान देते है। उन्होंने नव नियुक्त मण्डल अध्यक्षों को शुभकामना देते हुऐ कहा कि आपकी नियुक्ति से संगठन और मजबूत होगा। उन्होने कहा कि हम सब कार्यकर्ता राष्ट्र सेवा में लगे हुऐ है और प्रदेश की डबल इंजन सरकार जिस प्रकार लोकहित के कार्य कर रही है आने वाले समय में राजस्थान देश का विकसित प्रदेश बन जायेगा।

इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष दीनदयाल सैनी ने कहा कि भाजपा संगठन सर्वसमावेशी संगठन है सभी वर्गो का विकास करने के लिए भाजपा कृत संकल्पित है और संगठन में सभी वर्गो को यथोचित प्रतिनिधित्व दिया जाता हैं। उन्होने विश्वास व्यक्त किया कि नवनियुक्त ओबीसी मोर्चा कार्यकारिणी देश व प्रदेश सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचायेगी जिससे आम जनता को शासन का लाभ प्राप्त होगा।

इस अवसर पर मण्डल महामंत्री राजेश माटोलिया, गोगराज सैनी, सुनील टकणेत, मण्डल उपाध्यक्ष जुगल पाण्डे सीपी खत्री, धर्मेन्द्र प्रजापत, कमल शर्मा, मुकेश औझा, श्याम बुच्ची, सुभाष प्रजापत, हर्षित गोदारा, आकाश सैनी, ओम सिंह शेखावत, अशोक तंवर, सोहन सहारण, मनोज तंवर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महिलाओं ने जगन्नाथ को रिझाया

**चिड़ावा, (लिं)।** शहर की कॉलेज रोड स्थित प्राचीन जगदीश मंदिर स्थित जगन्नाथ परिसर में रविवार को जगन्नाथ महोत्सव मनाया गया। इस दौरान मंदिर परिसर को फूलों से सजाया गया। वहीं भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा और बलभद्र को मनमोहक वस्त्र पहना कर विशेष श्रृंगार किया गया। माहेश्वरी महिला सत्संग मंडल के तत्वावधान में मनमोहक भजनों के माध्यम से भगवान को रिझाने का प्रयास महिलाओं ने किया। मंदिर महंत अमर राज ने भगवान को दाल चूरमे के प्रसाद का महाभोग लगाया। जिसके बाद सभी श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया।

## पौधारोपण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**सादुलपुर, (निसं)।** अखिल भारतीय गोस्वामी सभा की ओर भाजपा नेता सुभाष राठौड मानपुरा की माताश्री ब्रह्मा देवी की स्मृति में गोस्वामी समाधि स्थल में पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सभा अध्यक्ष इन्दु कुमार गोस्वामी मंत्री गर्भस्थ शिशु सरंक्षण समिति की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा नेता सुभाष राठौड मानपुरा ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर राठौड ने पर्यावरण जागरूकता पर बल देते हुए अधिक से अधिक पौधरोपण करने तथा अभियान चलाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि एक पौधा माँ के नाम पर लगाकर क्षेत्र के सार्वजनिक स्थान तथा खेत खलियानों में पौधारोपण करें तथा पौधे को परिवार का सदस्य मानकर पेड बनाने का काम करें। विशिष्ठ अतिथि एडवोकेट राकेश चौधरी ने पर्यावरण जागरूकता की महत्वता पर प्रकाश डाला। इन्दु कुमार गोस्वामी ने बताया कि भाजपा नेता सुभाष राठौड मानपुरा की माता स्वर्गीय ब्रह्मा देवी ने पर्यावरण जागरूकता के साथ-साथ हजारों पौधे लगाकर उनको पेड बनाने का काम किया है।

## स्वास्थ्य शिविर में 256 मरीज लाभान्वित

**झुंझुनूं, (निसं)।** ढूकिया हॉस्पिटल झुंझुनूं के सौजन्य से रहमानिया शिक्षण संस्थान द्वारा रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन रहमानिया स्कूल गुढ़ा मोड़ झुंझुनूं में किया गया। जिसमें 256 मरीजों की जांच की गई।

जिसमें हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. महेंद्र, सर्जन डॉ. अमित चौधरी, फिजीशियन डॉ. नारायण दास, फिजीयोथैरेपिस्ट डॉ. मोहम्मद शाकिर ने अपनी सेवाएं दी। डॉ. मोनिका ढूकिया ने बताया कि इस तरह के आयोजनों व कैंपों से घर बैठे लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा सकते हैं। क्योंकि वृद्धजन व्यक्ति आने में असमर्थ होता है। इसलिए ढूकिया हॉस्पिटल द्वारा इस तरह के निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर समय-समय पर आयोजित किए जाएंगे। डॉ. मोनिका ढूकिया ने बताया कि ढूकिया हॉस्पिटल झुंझुनूं में ईसीएचएस, आरजीएचएस, चिरंजीवी के अंतर्गत भी मरीजों को कैशलेस ईलाज नियमित दिया जा रहा है। जिससे मरीजों को ईलाज में होने वाले खर्चे से निजात मिलती है। शिविर में अध्यक्ष सलीम खां, सचिव बरकत खां, निदेशक जावेद इकबाल, हाजी अस्त अली खां, मुश्ताक खां भाटी, लाल मोहम्मद खां मोयल आदि मौजूद थे।

# पत्नी को वापस लाने की मांग को लेकर टंकी पर चढ़ा युवक

■ समझाइश के बावजूद भी अपनी बात पर अड़ा, दूसरे युवक के साथ रहने लगी महिला

**चूरू, (कासं)।** अपनी पत्नी को वापिस लाने की जिद पर अड़े युवक ने पानी की टंकी पर चढ़कर अपनी मांग को पुरजोर ढंग से सबके सामने रखा। जानकारी के अनुसार डेढ़ महीने पहले पत्नी किसी दूसरे युवक के साथ चले जाने से परेशान पति रविवार को शहर के शहीद स्मारक के पीछे स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गया। युवक पुलिस से उसकी पत्नी को वापस लाने की मांग करने लगा। इस वाकये की सूचना मिलते ही कोतवाली सीआई मुकुट बिहारी, एएसआई सुरेश कुमार व राजेश कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने युवक से समझाइस की, लेकिन वह नीचे नहीं उतरा। कोतवाली थानाधिकारी मुकुट बिहारी ने बताया कि वार्ड 45 सीकर हाल सरदारशहर निवासी राशीद (27) रविवार सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे पानी की टंकी पर चढ़ गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। जहां सामने आया कि उसकी शादी पांच साल पहले जसरासर निवासी साइना के साथ हुई थी। उसके दो साल का बेटा और एक साल की बेटी है। बेटा अपने नाना के पास ननिहाल में रहता है। करीब दो-तीन महीने पहले पत्नी साइना मंडावा के युवक आबिद के साथ चली गई। इसे लेकर राशीद ने सरदारशहर पुलिस से गुहार भी लगाई थी।



चूरू में शहीद स्मारक के पास स्थित पानी की टंकी पर चढ़ा युवक।

राशीद रविवार सुबह सरदारशहर से चूरू आ गया था। करीब साढ़े 11 बजे टंकी पर चढ़ गया। सूचना मिलने के बाद मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। पुलिस ने युवक को समझाने का काफी प्रयास किया, मगर युवक नहीं माना और अपनी मांग पर अड़ा रहा। कोतवाली थानाधिकारी मुकुट बिहारी ने बताया कि युवक के ससुराल पक्ष को मौके पर बुलाकर उससे बात करवाई, लेकिन वह टस से मस नहीं हुआ। आखिर एक परिचित ने राशीद को उसकी पत्नी से बातचीत करवाने का आश्वासन दिया, तब जाकर वह नीचे उतरा। टंकी से नीचे उतरने के बाद कोतवाली पुलिस उसको थाने लेकर गई। जहां राशीद से पूछताछ की जा रही है। सूचना मिलने के बाद युवक का ससुर फकरूदीन, सास और साली मौके पर पहुंचे। ससुर फकरूदीन ने बताया कि उसकी बेटी साइना अब आबिद के साथ रह रही है। राशीद पहले पांच साल तक विदेश रहा इसके बाद यहां आकर गधा रेहड़ी चलाने का काम करता है। उसने बताया कि आबिद की मौसी सरदारशहर में रहती है। इसके चलते साइना और आबिद में संपर्क हुआ था। इसके बाद दोनों में नजदीकियां बढ़ गई और वह उसके साथ रहने लगी।

जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव ने बताया कि टंकी पर चढ़कर प्रदर्शन करने वाले युवक राशीद को गिरफ्तार कर उसे प्रशासन की ओर से सुरक्षा मुहैया करवायी गई। इसी के साथ इसके खिलाफ नये कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है। युवक से पांच लाख रुपये वसूले जायेंगे। एसपी जय यादव ने बताया कि पुलिस ने युवक राशीद से चार घंटे तक समझाईश की। इसने प्रशासन पर नाजायज तरीके से दबाव बनाया। जिससे पुलिस एवं प्रशासन का कीमती वक्त खराब हुआ।

## निर्मला ढ़ाका का एकलव्य आवासीय विद्यालय में चयन

**चूरू, (कासं.)।** निकटवर्ती घांघू गांव की निर्मला ढाका का केंद्र सरकार द्वारा संचालित एकलव्य आवासीय विद्यालय में शारीरिक शिक्षक पद पर चयन हुआ है। ज्ञानकारी के अनुसार केंद्र सरकार द्वारा संचालित एकलव्य आवासीय विद्यालय ईएमआरएस स्कूल बिहारीपुरा तूंगा, जयपुर में गांव घांघू की निर्मला ढाका पुत्री सुरेन्द्र ढाका का शारीरिक शिक्षक पद पर चयन हुआ है। गांव घांघू से केंद्र सरकार द्वारा संचालित एकलव्य आवासीय विद्यालय में चयन होने वाली निर्मला ढाका प्रथम अभ्यार्थी है। निर्मला के पिता खेती किसानी और मजदूरी करने का काम करते हैं व माता गृहिणी है। निर्मला ढाका ने बताया की उसने शारीरिक शिक्षक की ट्रैनिंग करने के बाद पहली परीक्षा में ही उसका चयन हो गया है। उन्होंने बताया कि लक्ष्य आधारित कड़ी मेहनत जरूर सफल बनाती है। इस मौके पर दुलाराम ढाक, पूर्णाराम ढाका, शीशपाल, रामेश्वरलाल , समाजसेवी परमेश्वर लाल दर्जी, महावीर नेहरा, विद्याधर रेवाड़, बीरबल नोखवाल, पतराम ढाका, शारीरिक शिक्षक रामचंद्र, मोतीलाल जांगिड, राजेश रेवाड़, गुमानाराम मांझू, नानूराम दर्जी, मोहनलाल रेवाड़, भंवरलाल प्रजापत, जयप्रकाश खीचड़, नेमीचंद जांगीड़, लीलाधर मांझु आदि ने बधाई दी।


**कार्यालय ग्राम पंचायत इस्लामपुर**
**पंचायत समिति झुन्झुनूं (झुन्झुनूं)**

क्रमांक-ग्रा.पं./निविदा/2024-25/108

दिनांक-5.7-2024

**निविदा सूचना-02/2024-25**

ग्राम पंचायत इस्लामपुर में पन्द्रहवा वित आयोग मे स्वीकृत कार्य ग्राम इस्लामपुर मे घर घर कचरा संग्रहण परिवहन कार्य एवं ग्राम इस्लामपुर मे घर घर कचरा संग्रहण हेतु श्रमिक नियोजन कार्य के लिए ग्राम पंचायत इस्लामपुर पंचायत समिति झुन्झुनू के क्षेत्र मे श्रम विभाग मे रजिस्टर्ड अनुज्ञा पत्रधारियो / सक्षम संवेदको से निविदा आमत्रित की जाती है। जिसके लिये सक्षम बोलीदाताओं से दिनांक 06.07.2024 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 15.07.2024 को दोपहर 1 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा की विस्तृत जानकारी वेब साईट http://sppp.raj.nic.in व ग्राम पंचायत व कार्यालय में कार्यालय समय में उपस्थित होकर देख सकते हैं। UBN PGH2425WSOB00027 व PGH2425 WSOB00028

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत इस्लामपुर**

# तारानगर में साढ़े पांच इंच बरसात होने से निचले ईलाकों में पानी भरा

## कई जगह पर 6 से 10 फीट पानी भरने से रास्ते बन्द हुये, सरकारी स्कूल में भी पानी भर गया

**तारानगर, (निसं)।** तारानगर में शनिवार की रात्रि को हुई 141 एमएम (साढ़े पांच इंच) मूसलाधार बरसात से बस स्टैण्ड, बिसायती मोहल्ला, ख्याली मोहल्ला, खातियों का मोहल्ला सहित कई निचले ईलाकों में पानी भरने से आम जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। रविवार देर शाम तक तारानगर की सड़कों पर पानी भरा हुआ था आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

सगतानी मोहल्ला, अम्बेडकर मूर्ति से नये बस स्टैण्ड तक 6 से 10 फीट पानी भरने से रास्ता बन्द हो गया। वहीं राजकीय सीनियर हायर सैकेण्डरी स्कूल में भी पानी भर गया। मुख्य रास्ते बन्द हो गये। वहीं मोबाइल मार्केट सहित पुराने बस स्टैण्ड व नये बस स्टैण्ड स्थित दुकानों के अन्दर पानी भर गया, जिसके कारण दुकानों में रखा सामान खराब हो गया, पूरे दिन दुकानें बन्द रही। बताया जा रहा है कि बारिश का पानी दुकानों में भरने से करोड़ों रूपये का व्यापारिक रूप से तारानगर के बाजार पर असर हुआ है।

मुख्य सड़क पर पानी भरने के कारण आमजन का बस स्टैण्ड से आना जाना बन्द हो गया तो वहीं खातियों के मोहल्ला स्थित बाल मन्दिर के पास भी बरसाती पानी भरने से हालात बद्दतर हो गये। नगर पालिका प्रशासन प्रयासों के नाम पर कुछ पम्प पानी निकासी के लिये चलाये लेकिन वो उंट के मूंह में जीरा ही साबीत हो रहे हैं। ईओ अजय प्रताप सिंह, नगर पालिका तारानगर का कहना है कि तारानगर में बस स्टैण्ड डूब क्षेत्र है, पम्प चला दिये गये हैं।



तारानगर में मूसलाधार बरसात होने से बाजारों में पानी भर गया।

- बारिश का पानी दुकानों में भरने से व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ा

2-3 घण्टे में पानी निकासी कर दिया जायेगा। ड्रेनेज सिस्टम के लिये केन्द्र सरकार द्वारा अमृत योजना के अन्तर्गत 20 करोड़ की डीपीआर तैयार करवाई गई है। डीपीआर स्वीकृति मिलते ही बरसाती पानी निकासी के लिये कार्य प्रारम्भ हो जायेगा।

## मकान की छत गिरी, दो भाईयों की मौत

**हनुमानगढ़, (निसं)।** बारिश के कारण दो सगे भाई की मौत हो गई। इधर, टिब्बी क्षेत्र में आई तेज बारिश से सूरेवाला गांव में सड़क पर कटाव आ गया। ऐसे में सड़क पर खड़ा ट्रक पलट गया। हालांकि, गनमीत रही कि हादसे के वक्त ट्रक में कोई नहीं था। जानकारी के मुताबिक हनुमानगढ़ जिले के टिब्बी क्षेत्र में रविवार अल सुबह हुई तेज बरसात के चलते खेत में बने एक कमरे की छत गिरने से बिहार मूल के दो सगे भाईयों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। सभी यहां पर खेतीहर मजदूर के तौर पर काम करने के लिए आए हुए थे। घटना की सूचना मिलने पर टिब्बी तहसीलदार चंदन पवार थाना अधिकारी जगदीश पांडर व अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा घायलों को इलाज के लिए चिकित्सालय पहुंचाया। जानकारी के अनुसार चक दो जीजीआर रोही राठीखेड़ा में एक खेत पर बने कमरे में बिहार मूल के खेतीहर मजदूर रात को सो रहे थे। रविवार अल सुबह तेज बरसात के चलते कमरे की छत गिर गई जिसके चलते अमित कुमार पुत्र रामभरोसे व उसका भाई सुमित कुमार पुत्र रामभरोसे की मौत हो गई जबकि राम भरोसे, अभिषेक साहनी व भारत साहनी घायल हो गए। जिन्हें बाद में टिब्बी व हनुमानगढ़ चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया है।

# अनियंत्रित कार खड़े ट्रक में घुसी, पिता सहित बेटी की मौत

## मृतक की पत्नी के अलावा सात घायल, अजमेर रेफर



दुर्घटना इतनी भीषण थी कि कार के आगे का हिस्सा चकनाचूर होकर कबाड़ में तब्दील हो गया।

**मदनगंज-किशनगढ़/अजमेर, (निस)।** बांदरसिंदरी थाना अंतर्गत जयपुर हाइवे मार्ग स्थित गांव पाटन की सरहद पर रविवार को एक कार अनियंत्रित होकर हाइवे किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी। घटित सड़क दुर्घटना में पिता सहित डेढ़ वर्षीय बेटी की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। साथ ही मृतक की पत्नी के अलावा सात जने घायल हो गये। हादसे के बाद घायलों को हाइवे एम्बुलेंस से राजकीय यज्ञनारायण जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया।

सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद अजमेर रेफर कर दिया। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि कार के आगे का हिस्सा चकनाचूर होकर कबाड़ में तब्दील हो गया। काफी मशकक्त के बाद इनको बाहर निकालकर स्थानीय राजकीय अस्पताल पहुंचाया।

- दो भाईयों का परिवार खाटूश्यामजी के दर्शन कर कार से अजमेर लौट रहा था

थाना इंचार्ज पारुल यादव ने बताया कि अजमेर में रहने वाले दो भाईयों का परिवार खाटूश्यामजी के दर्शन कर कार से वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान सुबह करीब सात बजे कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी, जिससे माकड़वाली यूआईटी कॉलोनी अजमेर निवासी रवि गुरनानी (35) पुत्र किशनचंद सिंधी, डेढ़ वर्षीय बेटी प्राक्षी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि मृतक रवि गुरनानी की पत्नी पूनम (34), बड़ी बेटी साक्षी (9), मां पुष्पा (58), भाई पहाड़गंज अजमेर निवासी मुकेश (38) पुत्र किशनचंद, मुकेश की पत्नी भूमिका (37), बेटी रवीना (14) सहित कार चालक गांव बीर श्रीनगर अजमेर निवासी जितेन्द्र रावत (32) पुत्र गोपाल सिंह को जेएलएन अस्पताल अजमेर में भर्ती कराया है।

पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। हादसे की सूचना मिलते ही पार्षद सुशील अजमेरा, सिंधी समाज के प्रमुख समाजसेवी पीशु मुलानी, गिरधारी अमरवानी, कुमार मुलानी, अशोक शोभानी, महेश साधवानी, जीतेन्द्र कोरानी, करण मेघानी, मुकेश मेघानी ने संवेदना व्यक्त कर पुलिस कार्रवाई में सहयोग किया।

# बहुचर्चित देवीराम मुल्लाका हत्याकांड के तीन और आरोपियों को दबोचा




कामां थाना इलाके में बहुचर्चित रहे देवीराम मुल्लाका हत्याकांड के तीन और आरोपियों को पकड़ा।

**जयपुर/डीग।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने डीग जिले के कामां थाना इलाके में तीन साल पहले बहुचर्चित रहे देवी राम मुल्लाका हत्याकांड के तीन और आरोपियों को पकड़ लिया है। तीनों आरोपियों पर एसपी डीग द्वारा 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित है। तीन साल से फरार चल रहे तेरह आरोपियों में से सात को पिछले 10 दिनों में एजीटीएफ ने पकड़ कामां पुलिस के सुपुर्द किया है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि उप महानिरीक्षक पुलिस योगेश यादव के सुपरविजन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एजीटीएफ विद्याप्रकाश के नेतृत्व में वांछित अपराधियों, गैंगस्टर इत्यादि के बारे में आसूचना के संकलन के लिए एएसआई शैलेंद्र कुमार शर्मा, हैड कांस्टेबल मदनलाल शर्मा व कांस्टेबल बृजेश कुमार शर्मा की एक टीम भरतपुर रेंज की ओर रवाना की गई। एडीजी एमएन ने बताया कि शनिवार को टीम को मिली सूचना पर एसपी डीग राजेश मीणा के समन्वय व एसएचओ कामां मनीष शर्मा मय टीम के सहयोग से 25-25 हजार के इनामी आरोपी बनवारी गुर्जर पुत्र रामपाल, रामेश्वर गुर्जर पुत्र चेतराम एवं भगत सिंह गुर्जर पुत्र नेतराम निवासी मुल्लाका को कस्बा कामां से पकड़ा गया।

एमएन ने बताया कि 11 जून 2021 की सुबह खरीदारी करने बाइक लेकर कामां के लिए निकले देवी राम गुर्जर निवासी मुल्लाका पर पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही रामावतार पुत्र रामप्रसाद पक्ष के 20-22 व्यक्तियों ने लोहे के सरियों और लाठियों से हमला

- तीन साल फरार 13 आरोपियों में से सात को 10 दिन में पकड़ा, 25-25 हजार के इनामी हैं आरोपी

कर दिया और मरा समझकर हवाई फायर करते हुए गांव आये। गांव में भी फॉयरिंग की जिसमेँ तीन बच्चे व चार अन्य घायल हो गये। गंभीर घायल देवीलाल ने जयपुर लाते समय महुआ से पहले दम तोड़ दिया था। मामले में थाना पुलिस द्वारा पूर्व में आठ व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया था। घटना के बाद से ही 13 आरोपी फरार चल रहे थे। जिन पर 25-25 हजार का इनाम घोषित किया गया था। मामले में एजीटीएफ ने 26 जून को पलवल से आरोपी राम अवतार गुर्जर एवं थाना खोह से बबलू गुर्जर को तथा 4 जुलाई को कैथवाड़ा के पास से बलराज गुर्जर व रामप्रसाद गुर्जर को डिटेन किया गया था। मात्र 10 दिनों के अंदर एजीटीएफ ने घटना में फरार सात आरोपियों को पकड़ लिया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एजीटीएफ विद्या प्रकाश के नेतृत्व में की गई इस संपूर्ण कार्रवाई में एएसआई शैलेंद्र शर्मा, हैड कांस्टेबल मदन लाल शर्मा एवं कांस्टेबल बृजेश कुमार की विशेष भूमिका रही। कार्रवाई में एसएचओ कामां मनीष शर्मा मय टीम का सराहनीय सहयोग रहा।

## पेड़ से लटका मिला शव

**सीकर, (निसं)।** बावड़ी के एनएच 52 पर युवक का शव पेड़ से लटका मिला है। युवक के तौलिए से फंदा लगा हुआ था और शव से बदबू आ रही थी। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। शव करीब 2 से 3 दिन पुराना बताया जा रहा है। एसआई दीप्ति रानी ने बताया कि शनिवार रात को एन एच 52 पर लावारिस स्विफ्ट कार खड़ी होने की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंचकर कार को थाने ले आई इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उसी जगह पर पेड़ पर शव लटका होने की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। शव को पेड़ से नीचे उतार कर रींगस सीएचसी में रखवाया। पुलिस ने स्विफ्ट कार पर लिखे नंबरों के आधार पर शव की पहचान मृतक चूरू के राजलदेसर निवासी राकेश जाट के रूप में की। मृतक के परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार राकेश अविवाहित था और कई दिनों से मानसिक तनाव में था। मृतक युवक किराए पर कार चलाने का काम करता था पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नहाने गए युवक की मचकुंड सरोवर में डूबने से मौत

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर शहर के तीर्थराज मचकुंड सरोवर में रविवार दोपहर नहाने गया एक युवक पैर फिसलने से डूब गया। युवक को सरोवर में डूबता देख मौके पर मौजूद मचकुंड चौकी इंचार्ज कृष्ण अवतार वर्दी पहने ही सरोवर में कूद गए, जिसके बाद सरोवर में डूबे युवक को बाहर निकाल कर जिला अस्पताल धौलपुर ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मचकुंड चौकी प्रभारी कृष्ण अवतार ने बताया कि रविवार दोपहर को वह चौकी पर ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें एक युवक मचकुंड सरोवर में डूबता हुआ दिखाई दिया, जिसे देखकर उन्होंने तीर्थराज मचकुंड में छलांग लगा दी। चौकी प्रभारी के साथ कॉन्स्टेबल योगेंद्र और 112 गाड़ी के ड्राइवर धर्मेंद्र भी सरोवर में कूद गए। युवक को सरोवर से बाहर निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान 19 वर्षीय अमित पुत्र राजेश निवासी भामतीपुरा के रूप में हुई है। चौकी प्रभारी ने बताया कि मृतक युवक अपने दो साथियों के साथ सरोवर में नहाने गया था, जहां अचानक पैर फिसल जाने से युवक गहरे पानी में चला गया। उन्होंने बताया कि मृतक के परिजनों द्वारा तहरीर दिए जाने के बाद शव का पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा।

# मोटा मुनाफा के लालच में युवक से एक करोड़ की ठगी

**अजमेर, (कासं)।** एक ओर जहां साइबर पुलिस ऑनलाइन ठगी की वारदातों पर अंकुश लगाने का प्रशिक्षण ले रही है तो वहीं दूसरी तरफ शातिर ठग टेक्नोलॉजी का फायदा उठाकर पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। ऐसा ही एक मामला रामगंज थाना क्षेत्र का सामने आया है। शातिर ठगों ने युवक से धोखाधड़ी कर ब्लॉक ट्रेडिंग व शेयर मार्केट में मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर करीब एक करोड़ की राशि हड़प ली। युवक ने शातिर ठगों के कहने पर प्ले स्टोर से एप्लीकेशन डाउनलोड कर ली। पीड़ित युवक ने साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

साइबर थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रामगंज थाना क्षेत्र के अजय नगर निवासी एक युवक ने शातिर ठगों के खिलाफ लिखित शिकायत देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज रिपोर्ट में पीड़ित युवक ने पुलिस को बताया कि जून माह में

- ठगों ने धोखाधड़ी कर ब्लॉक ट्रेडिंग व शेयर मार्केट में मोटा मुनाफा कमाने का झांसा दिया
- युवक ने शातिर ठगों के कहने पर प्ले स्टोर से एप्लीकेशन डाउनलोड कर ली

उसके व्हाट्सएप पर एक अज्ञात नंबर से ए-5 मोटिलाल ओसवाल एडवाइजरी ग्रुप से जोड़ा। ग्रुप में जोड़ने के बाद ब्लॉक ट्रेडिंग व शेयर मार्केट में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा दिया गया। इस ग्रुप में करीब 160 लोग जुड़े हुए थे, जिनके द्वारा प्रॉफिट की पोस्ट शेयर की गई थी।

पीड़ित ने शिकायत में बताया कि वह शातिर ठगों की बातों में आ गया। तभी एक अज्ञात नंबर से उसे अलग से मैसेज आया जिसमें उन्होंने प्ले स्टोर से एप्लीकेशन डाउनलोड करवा कर रजिस्ट्रेशन करवाया। बाद में दूसरे व्यक्ति ने अन्य नंबर से मैसेज कर उसे कंपनी का प्रमुख बताया और आश्वासन दिया जिससे वह झांसे में आकर मुनाफा होने के लालच में आकर एप्प में एक करोड़ से अधिक की राशि ट्रांसफर कर दी। पीड़ित ने बताया कि जब एप को देखता तो देखने पर उसमें दो शेयर दिखते थे। जुलाई 2024 में उसने ऐप से रकम अपने खाते में ट्रांसफर करने की कोशिश की तो रकम नहीं निकली। उसने रिलेशनशिप मैनेजर से संपर्क किया तो उसने पैसे निकालने पर 30 प्रतिशत टैक्स व ब्रोकरेज जमा करने के लिए कहा। उसने मोटिलाल ओसवाल के कस्टमर केयर पर संपर्क कर तो पता चला कि उनके द्वारा कोई भी ऐसा ग्रुप नहीं बनाया है, तब युवक को अपने धोखाधड़ी का पता चला। पीड़ित युवक की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच सब इंस्पेक्टर मनीष चरण को सौंपी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## शादी का झांसा देकर युवती से तीन साल तक दुराचार

**अजमेर, (कासं)।** अलवर गेट थाना क्षेत्र में रहने वाली एक युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने युवक पर शादी का झांसा देकर तीन साल तक दुष्कर्म करने और अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने एसपी देवेंद्र विश्नोई से न्याय की गुहार लगाई है। एसपी के दिशा निर्देशों पर अलवर गेट थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कर जांच शुरू कर दी है।

अलवर गेट थाने के एएसआई शंकर लाल खींची ने बताया कि थाना क्षेत्र में रहने वाली एक युवती ने एसपी देवेंद्र बिश्नोई को ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की शिकायत दी है। एसपी के आदेश पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर लिया। पीड़ित युवती ने आरोप लगाया कि पड़ोस में रहने वाली महिला ने एक युवक से उसकी जान-पहचान करवाई और आरोपी द्वारा शादी करने का झांसा दिया था। युवक ने झांसा देकर तीन साल

- आरापी ने अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दी
- पीड़िता ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई, मामला दर्ज

तक अलग-अलग जगह पर उसके साथ दुष्कर्म किया।

पीड़िता ने शिकायत आरोप लगाया कि कुछ समय बाद युवक ने उससे शादी करने से इनकार कर दिया। आरोपी ने दो माह पहले किसी अन्य युवती से सगाई की है, उसके साथ भी आरोपी ने फिजिकल संबंध बनाए हैं। पीड़िता ने आरोप लगाया कि जब उसने आरोपी से शादी के लिए कहा तो उसे उसके अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दी। पुलिस पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस प्रकरण की जांच थाना प्रभारी श्याम सिंह कर रहे हैं।

# शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने राहुल गांधी को लेकर बड़ा बयान दिया

## शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने राहुल गांधी को विदेशी महिला का बेटा बताया

**झुंझुनूं, (निसं)।** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर रविवार को झुंझुनूं के दौरे पर रहे। झुंझुनूं पहुंचने पर उन्होंने शहीद स्मारक पर शहीदों को और बाबा साहेब को नमन किया। इस मौके पर मंत्री मदन दिलावर के साथ भाजपा प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी तथा भाजपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य विश्वम्भर पूनियां भी साथ रहे।

सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मदन दिलावर ने एक विवादास्पद और राहुल गांधी को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि चाणक्य ने सही कहा था कि विदेशी महिला के पेट से पैदा होने वाला व्यक्ति या बेटा कोई भी देश का भला नहीं कर सकता, बल्कि देश के खिलाफ ही कार्रवाई करेगा। चाणक्य की बात सही साबित हो रही है। राहुल गांधी एक विदेशी महिला के पुत्र हैं इसलिए वो लगातार देश के खिलाफ और देशवासियों के खिलाफ बोल रहे हैं। उन्होंने पूरे देश के लोगों को हिंसक और झूठा कहा है। यह पूरे हिंदुस्तान और हिंदूओं का अपमान है।

दिलावर ने कहा कि पता नहीं



शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने शहीद स्मारक पर शहीदों को और बाबा साहेब को नमन किया।

कांग्रेस किसके इशारे पर चल रही है, कौन इन्हें प्रेरणा दे रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। इससे पहले भी राहुल गांधी बोल चुके हैं कि हिंदू मंदिर में लड़कियां छेड़ने जाते हैं। यह भी हमारी हमारी बहनों और भाईयों का अपमान है। राहुल गांधी ने हिंदू समाज का, साधु-संतों का, आने वाली हमारी जनरेशन का और हमारा घोर अपमान किया है। हिंदुस्तान की जनता इसे माफ नहीं करेगी। इस मौके पर डॉ. राजेश बाबल, मुरारी सैनी, महेश जीनगर, प्यारेलाल ढूकिया, पूर्व प्रधान गिरधारीलाल खीचड़, पूर्व पार्षद कुलदीप पूनियां आदि मौजूद थे।

इस मौके पर पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए मदन दिलावर ने संकेत दिए कि शिक्षकों के तबादले विधानसभा सत्र के बाद होंगे। दरअसल एक सवाल का जवाब देते हुए दिलावर ने कहा कि तबादले जब भी करेंगे, मीडिया को इसकी जानकारी देंगे। लेकिन फिलहाल तो वैसे भी विधानसभा सत्र चल रहा है, ऐसे में तबादले नहीं हो सकते, जिससे यह संभावना जताई जा रही है कि विधानसभा सत्र के बाद सरकार शिक्षकों के तबादले कर सकती है। तृतीय श्रेणी शिक्षकों के तबादलों को लेकर दिलावर ने कहा कि यह मामला

- 'राहुल गांधी एक विदेशी महिला के पुत्र हैं इसलिए वो देश और देशवासियों के खिलाफ बोल रहे हैं'
- शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने संकेत दिए कि शिक्षकों के तबादले विधानसभा सत्र के बाद होंगे

मंत्रीमंडल के समक्ष विचाराधीन है। जैसा भी निर्णय होगा उसकी पालना करवाई जाएगी। इस मौके पर दिलावर ने कहा कि एक जनवरी से पहले के जो भी शिक्षक व शिक्षा विभाग के अन्य कर्मचारी डेप्यूटेशन पर लगे हुए हैं, उन्हें हम ढूंढ-ढूंढ कर निकाल रहे हैं। उनके डेप्यूटेशन निरस्त कर रहे हैं।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने स्कूलों को मर्ज करने के सवाल पर कहा कि पिछली सरकार ने 200-200 मीटर पर सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए स्कूलें खोल दी। इसलिए यदि किन्हीं स्कूलों को मर्ज या डी मर्ज करने की जरूरत होगी तो वो भी सरकार करेगी। इसके लिए भी कार्रवाई चल रही है। अंग्रेजी माध्यम स्कूलों को बंद करने के सवाल पर मदन दिलावर ने गत सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि एक भी बेवकूफ का नाम बता दो जो बोले कि अंग्रेजी माध्यम स्कूलें खोली है। ना स्कूल खोला, ना कमरा बनाया, ना स्टाफ लगाया पुरानी स्कूलों पर अंग्रेजी माध्यम का बोर्ड लगाने से इंग्लिश मीडियम स्कूलें नहीं हो जाती। यह सिर्फ गत सरकार का षड़यंत्र था।

निजी स्कूलों की वकालत करते हुए शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि सरकारी स्कूलों में फिलहाल 82 लाख और निजी स्कूलों में 85 लाख बच्चे पढ़ रहे हैं। इसलिए निजी स्कूलों को हमेशा नकारात्मक भाव से नहीं देखना चाहिए। वे भी शिक्षा को आगे बढ़ाने में हमारा सहयोग कर रहे है। 97.3 फीसदी स्कूलें तो आज भी फीस 5 से 15 हजार रूपए के बीच ले रहे हैं। जिनसे उनका काम चल रहा है, लेकिन 2.7 फीसदी स्कूल ऐसे हैं, जहां पर फीस ज्यादा है, लेकिन उनके अपने तर्क है। हम कोशिश कर रहे हैं कि कोई बीच का रास्ता निकाला जाए, जिससे विद्यार्थियों व अभिभावकों पर बोझ ना पड़े और स्कूलें भी चलती रहे।

# खान विभाग ने पहली तिमाही में ही राजस्व अर्जन का नया इतिहास रचा : आनंदी

## 'माइंस विभाग द्वारा अप्रेल-जून की पहली तिमाही में 13 फीसदी ग्रोथ के साथ 1977.26 करोड़ का राजस्व संग्रहण'

- राजस्व संग्रहण में एसएमई जयपुर पहले तो भीलवाड़ा और भरतपुर दूसरे और तीसरे स्थान पर

**जयपुर**, (का.सं.)। राज्य का माइंस विभाग राजस्व अर्जन में इस साल नया रेकार्ड कायम करने जा रहा है। शासन सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम आनन्दी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में गत वित्तीय वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 13 प्रतिशत ग्रोथ के साथ राज्य सरकार को 1977 करोड़ 26 लाख रुपए का राजस्व जमा हो गया हैं। गत वित्तीय वर्ष के पहले त्रैमास में 1746 करोड़ 55 लाख रुपए का राजस्व अर्जित हुआ था। एसएमई कार्यालयों में जयपुर त्रैमासिक लक्ष्यों की तुलना में 112.37 प्रतिशत लक्ष्य अर्जित कर प्रदेश में पहले पायदान पर पहुंच गया है। भीलवाड़ा और भरतपुर एसएमई कार्यालय दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे हैं।

खान सचिव आनन्दी ने बताया कि मुख्यमंत्री व खान मंत्री श्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व व मार्गदर्शन में खान विभाग द्वारा इस वित्तीय वर्ष में राजस्व अर्जन का नया रेकार्ड स्थापित किया जाएगा। सरकारी राजस्व की छीजत रोकने, राजस्व बढ़ाने के लिए विभागीय मोनेटरिंग व्यवस्था को मजबूत करने और नियमित समीक्षा के परिणाम स्वरुप उल्लेखनीय सफलता मिली है। योजनावद्ध तरीके से मिनरल ब्लॉकों की ई-नीलामी, अवैध खनन गतिविधियों पर कार्यवाही में तेजी, नियमित मोनेटरिंग, दिशा-निर्देशों के क्रियान्वयन व आपसी समझ व समन्वय से लक्ष्यों से अधिक राजस्व अर्जित किया जा सका है। रेकार्ड राजस्व अर्जन के लिए विभाग के अधिकारियों व कार्मिकों को बधाई देते हुए बताया कि टीम भावना व परस्पर समन्वय से यह रेकार्ड राजस्व संग्रहण हो सका है।

निदेशक माइंस भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि वर्ष 2022-23 में पहली तिमाही में 1561 करोड़ 04 लाख रु., 2023-24 में 1746 करोड़ 55 लाख रु. का राजस्व अर्जित किया गया था जो वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में 13 प्रतिशत विकास के साथ बढ़कर 1977 करोड़ 26 लाख रुपए हो गया है। यह पहली तिमाही में राजस्व अर्जन का नया रेकार्ड भी है। सीमित संसाधनों के बावजूद विभाग द्वारा राजस्व बढ़ोतरी के बेहतरीन परिणाम मिले हैं।

निदेशक कलाल ने बताया कि समन्वित व समग्र प्रयासों से खान विभाग द्वारा राजस्व वसूली के प्रयासों में तेजी लाई गई है। विभाग द्वारा अवैध खनन व परिवहन गतिविधियों पर सख्त कार्यवाही की जा रही है जिसके सकारात्मक प्रभाव आने लगे हैं।

अप्रेल से जून तिमाही में एसएमई जयपुर एनएस शक्तावत की टीम ने 203 करोड़ राजस्व वसूली के लक्ष्य के विरुद्ध 228 करोड़ 12 लाख की राजस्व वसूली कर 112.37 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है। एसएमई जयपुर कार्यक्षेत्र में एएमई टोंक सोहन लाल सुथार ने 133 प्रतिशत, एमई झुन्झुनू रामलाल सिंह ने 124 प्रतिशत, एएमई कोटपुतली अमीचंद दुहारिया ने 111, एमई जयपुर श्याम कापड़ी ने 110 प्रतिशत, एएमई अलवर पुष्पेन्द्र मीणा ने 108.58 प्रतिशत व एएमई दौसा लक्ष्मी चंद मीणा ने लक्ष्यों के विरुद्ध 110 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है। एसएमई भीलवाड़ा ओपी काबरा के मार्गदर्शन में भीलवाड़ा जोन में 492 करोड़ 53 लाख के लक्ष्यों के विरुद्ध 533 करोड़ 10 लाख की राजस्व वसूली कर लक्ष्यों के विरुद्ध 108 प्रतिशत उपलब्धि अर्जित की है। भीलवाड़ा एसएमई ओपी काबरा के कार्यक्षेत्र में एमई भीलवाड़ा चंदन कुमार व बिजोलिया एमई सत्यनारायण कुमावत ने लक्ष्यों के विरुद्ध 116 प्रतिशत से अधिक वसूली की है।

इसी तरह से राजस्व वसूली में तीसरे पायदान पर रहे एसएमई भरतपुर हरीश चन्द्र गोयल के क्षेत्र में 104.10 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है। इनमें भरतपुर, करौली और धौलपुर कार्यालयों में लक्ष्यों से अधिक वसूली रही। एसएमई बीकानेर धर्मेन्द्र लुहार के क्षेत्र में 106 करोड़ 90 लाख की वसूली लक्ष्य के विरुद्ध 108 करोड़ 52 लाख की 101.52 फीसदी राजस्व वसूली रही है। बीकानेर क्षेत्र में एमई श्रीगंगानगर धीरज पंवार, एमई बीकानेर महेश प्रकाश पुरोहित और एएमई चुरु एनएल मेघवाल ने लक्ष्यों के विरुद्ध शतप्रतिशत से अधिक वसूली की है। राशि की दृष्टि से सर्वाधिक 446 करोड़ 33 लाख की एमई भीलवाड़ा व एमई राजसमंद द्धितीय ने 238 करोड़ 52 लाख की वसूली की है। जयपुर, अलवर, झुन्झुनू, टोंक, कोटपुतली, दौसा, मकराना, सिरोही, बीकानेर, श्रीगंगानगर, चुरु, उदयपुर, प्रतापगढ़, भीलवाड़ा, बिजोलिया, राजसमंद द्धितीय, बूंदी प्रथम, रामगंजमण्डी, झालावाड़ बारां, भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर कार्यालयों ने लक्ष्यों के विरुद्ध शतप्रतिशत से भी अधिक राजस्व अर्जित किया है।

# नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाना हम सभी की जिम्मेदारी : देवनानी



विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी रविवार को कोटा में विद्या भारती शिक्षा संस्थान के प्रतिभा सम्मान समारोह को मुख्य अतिथि के रूप मे संबोधित किया।

- देवनानी ने किया छात्र-छात्राओं का सम्मान


**जयपुर**। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि समाज में परिवर्तन लाने के लिए नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। नई पीढ़ी को राष्ट्रीयता, देश प्रेम एवं मूल्यों की शिक्षा देकर उनमें देश के लिए समर्पण का भाव उत्पन्न कर हम 2047 तक विकसित भारत का संकल्प पूरा कर सकेंगे। देवनानी रविवार को कोटा में विद्या भारती शिक्षा संस्थान के प्रतिभा सम्मान समारोह को मुख्य अतिथि के रूप मे संबोधित कर रहे थे।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि आज पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा है। देश सक्षम नेतृत्व के हाथों में है। हमारी युवा पीढ़ी में तेरा वैभव अमर रहे माँ की सोच पैदा करेंगे तभी हमारी शिक्षा सार्थक होगी। हमें रोजगारपरक शिक्षा देने के साथ ही संस्कारवान बनाने वाली शिक्षा देने की जरूरत है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि विद्या भारती में छात्र-छात्राओं को संस्कार दिए जाते हैं और उन्हें अच्छे नागरिक बनाने का प्रयास किया जाता है। आंतकवाद, जातिवाद, भाई-भतीजावाद एवं भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए आज विद्या भारती के संस्कार की आवश्यकता है। उन्होंने आव्हान किया कि यहां से निकले छात्र डॉक्टर-इंजीनियर बनकर गरीबों की सेवा करने का भाव रखें। स्वयं से पहले राष्ट्र व समाज के प्रति कर्तव्य निर्वहन को प्राथमिकता दें और सब कुछ देश के लिए समर्पण करने का भाव लेकर आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि विद्या भारती से जुड़े प्राचार्य एवं आचार्य नन्हें बच्चों को तराश कर उन्हें संस्कारी बनाएं। देवनानी ने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को मां के साथ जोड़कर अधिक से अधिक पौधारोपण कर पर्यावरण को बचाने की मुहिम शुरू की गई है। इस मुहिम में सभी भागीदार बनें।

कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि विद्या भारती में पढ़ने वाले विद्यार्थी यहां से ऐसे संस्कार लेकर जाएं कि वे पूरे विश्व में देश का नाम रोशन कर सकें। कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि शिक्षकों का ध्येय शिक्षा के साथ-साथ विशिष्टता का भाव पैदा करना है। यहां से निकले छात्र राष्ट्र सेवा के भाव के साथ विविध क्षेत्रों में अपना योगदान दे रहे हैं।

समारोह में विधानसभा अध्यक्ष एवं अन्य अतिथियों ने विद्या भारती शिक्षा संस्थान, कोटा के तहत संचालित विभिन्न विद्यालयों में दसवीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं पुरस्कार से सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एलन कोचिंग संस्थान के कार्यकारी निदेशक नवीन माहेश्वरी ने की। इस अवसर पर डॉ. संतोष आनंद सहित विद्या भारती संस्थान से ज़ुड़े पदाधिकारी उपस्थित थे।

# राज्यपाल कलराज मिश्र ने ललिता कोटि कुमकुमार्चन महायज्ञ में भाग लिया



**जयपुर**, (का.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र रविवार को इंदिरा नगर स्थित पुष्पांजलि परिसर में चल रहे ललिता कोटि कुमकुमार्चन महायज्ञ स्थल पहुंचे। उन्होंने देश भर से आए वैदिक विद्यार्थियों और संतों की उपस्थिति में राष्ट्र की उन्नति एवं गरीब कल्याण के ध्येय से आयोजित महायज्ञ में भाग लेते हुए यज्ञ की भारतीय संस्कृति को जीवन उत्कर्ष का आधार बताया।

उन्होंने कहा यज्ञ जीवन का आलोक पथ है। इससे तन, मन और जीवन ही सिद्ध नहीं होता मानवता का कल्याण होता है। मिश्र ने इस दौरान श्री विद्या का विशिष्ट पूजन भी किया और उपस्थित संत महात्माओं का आशीर्वाद लिया।

# भारत सोलर कॉम्पोनेंट एक्सपो में 3000 करोड़ के बिजनेस ने इंडस्ट्री को दिया बूस्टर

**जयपुर**। राजस्थान सोलर एसोसिएशन की ओर से राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में तीन दिवसीय भारत सोलर कंपनोनेंट एक्स्पो चल रहा है। एक्स्पो में लगभग 3000 करोड़ का बिजनेस हुआ, जो इंडस्ट्री के लिए बूस्टर है। सौर परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए बैंकरों से बात करें विषय पर टॉक शो का आयोजन हुआ। इसमें एनर्जी मिनिस्टर हीरा लाल नागर ने सोलर मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री के लोगों से संवाद किया। लोगों ने मंत्री को इंडस्ट्री के समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में सोलर इंडस्ट्री को बढ़ाने के लिए मैन्युफैक्चर्स के साथ काम किया जाएगा। टॉक शो का उद्देश्य सौर परियोजना योजना के संभावित लाभार्थियों और अग्रणी भारतीय बैंकों और एनबीएफसी के प्रतिनिधियों के बीच बातचीत के लिए एक मंच प्रदान करना रहा। महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने कहा कि नगर निगम सौलर सिस्टम को बढ़ावा देने के लिए हर संभव मदद करने को तैयार है। हमारा लक्ष्य जयपुर को सूर्य सिटी बनाना है। इस अवसर पर आरआरसीएल के एमडी नथूमल, आरएसए के अध्यक्ष सुनील बंसल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल, सीईओ नितिन अग्रवाल, कलर एन डिजाइन के चेयरमैन अमित परनामी उपस्थित रहे।

राजस्थान सोलर एसोसिएशन अध्यक्ष सुनील बंसल ने बताया कि एक्स्पो में सोलर उत्पादन के सभी उपकरण एक छत के नीचे प्रदर्शित किए गए हैं। एक्स्पो 8 जुलाई तक चलेगा। दूसरे दिन वीकेंड के कारण विजीटर्स की अच्छी रौनक रही। राजस्थान सोलर एसोसिएशन राज्य में सोलर इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए तेजी से कदम बढ़ा रहा है। प्रदेश में गर्मी ज्यादा पड़ती है और यहां बिजली की बहुत जरूरत होती है।

# ओ.पी.जे.एस.यूनिवर्सिटी ने 9 साल में बांटी 1300 फर्जी डिग्रियां

**जयपुर**। राजस्थान में भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक और डमी अभ्यर्थी बैठाकर परीक्षा पास करवाने की धांधली के बाद अब फर्जी डिग्री से नौकरी हथियाने के खेल का एसओजी ने पर्दाफाश किया है। चार दलालों की गिरफ्तारी के बाद एसओजी ने गहराई से जांच की, तो इसकी आंच ओपीजेएस यूनिवर्सिटी के संस्थापक जोगेंद्र सिंह, पहले इसी यूनिवर्सिटी से जुड़े जितेंद्र यादव और ओपीजेएस यूनिवर्सिटी की रजिस्ट्रार रही सरिता कढ़डवासरा तक पहुंची। इन तीनों की गिरफ्तारी के बाद अब एसओजी इस गिरोह से जुड़े दलालों के बड़े नेटवर्क पर शिकंजा कसने में जुटी है। साथ ही फर्जी डिग्री से नौकरी हथियाने वाले अभ्यर्थियों पर भी नकेल कसने की तैयारी है। एस.ओ.जी. ने गिरफ्तार आरोपी जोगेन्द्र सिंह, जितेन्द्र यादव और सरिता कढ़डवासरा को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें 14 जुलाई तक रिमांड पर भेज दिया है।

एसओजी की जांच में सामने आया है कि रोहतक (हरियाणा) का रहने वाला जोगेंद्र सिंह साल 2013 से पहले मेरठ की एक निजी यूनिवर्सिटी में काम करता था। वहां भी फर्जी डिग्री बेचने के घोटाले में शामिल रहा। इसके बाद उसे मेरठ, दिल्ली और भिवानी पुलिस ने गिरफ्तार भी किया था। हालांकि, बाद में जमानत पर छूटने पर उसने चूरू के राजगढ़ में ओपीजेएस यूनिवर्सिटी शुरू की, जहां से 9 साल में 1300 से ज्यादा फर्जी डिग्रियां बेचकर करीब 26 करोड़ रुपए बटोरे। अब वो बारां में एक और यूनिवर्सिटी खोलने की तैयारी में था।

फर्जी डिग्री मामले में एसओजी की गिरफ्त में आया दूसरा आरोपी जितेंद्र सिंह भी पहले ओपीजेएस यूनिवर्सिटी से जुड़ा था. बाद में उसने अलवर में पार्टनरशिप में सनराइज यूनिवर्सिटी और गुजरात के पाटन में एमके यूनिवर्सिटी शुरू की. अब वो बूंदी में जीत यूनिवर्सिटी शुरू करने वाला था. इसी मामले में पकडी गई सरिता कड़वासरा भी ओपीजेएस यूनिवर्सिटी की रजिस्ट्रार रह चुकी है. इस यूनिवर्सिटी का हिसाब-किताब भी वही संभालती है। एसओजी की पड़ताल में सामने आया है कि अकेली पीटीआई भर्ती परीक्षा 2022 में ओपीजेएस यूनिवर्सिटी की डिग्री वाले 80 से ज्यादा अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। इनकी जानकारी संबंधित विभाग को दी गई है। इसके अलावा भी कई अन्य भर्तियों में फर्जी डिग्री से नौकरी हासिल करने वालों पर एसओजी शिकंजा कसने की तैयारी में है।

# चार चिकित्सा अधिकारियों को नोटिस

- एसएमएस प्लाज्मा प्रकरण में सरकार ने लिया सख्त एक्शन
- 6 कार्मिकों पर कार्रवाई के लिए लिखा पत्र
- इन अधिकारियों को प्लाज्मा के रख-रखाव में लापरवाही, अनियमितता एवं पर्यवेक्षणीय लापरवाही के लिए दोषी मानते हुए नोटिस जारी किया गया है।

**जयपुर**। सवाई मानसिंह अस्पताल के ब्लड बैंक में प्लाज्मा खराब होने के प्रकरण में जांच दल की रिपोर्ट के आधार पर राज्य सरकार ने 4 चिकित्सा अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही जांच में दोषी 6 अधिकारी-कर्मचारियों पर कार्रवाई के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ग्रुप-2 एवं 3 को पत्र लिखा है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि प्रकरण को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने गंभीरता से लेते हुए जांच करवाने एवं दोषी अधिकारी-कार्मिकों पर नियमानुसार कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए थे। प्रकरण में गठित जांच दल की रिपोर्ट के आधार पर सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. राजीव बगरहट्टा, पूर्व अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा, आचार्य आईएचटीएम डॉ. प्रमेन्द्र पचौरी एवं ट्रोमा सेंटर के नोडल अधिकारी डॉ. अनुराग धाकड़ को कारण बताओ नोटिस जारी कर सात दिवस में स्पष्टीकरण मांगा गया है। इन अधिकारियों को प्लाज्मा के रख-रखाव में लापरवाही, अनियमितता एवं पर्यवेक्षणीय लापरवाही के लिए दोषी मानते हुए नोटिस जारी किया गया है। इसी प्रकार प्रकरण में अनुमोदित चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रकाश चंद्र गोयल एवं डॉ. अखिलेश कुमार को दोषी मानते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ग्रुप-2 को नियमानुसार कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, अनुमोदित टेक्नीकल सुपरवाइजर प्रभु सिंह मण्डीवाल व अमित भारद्वाज तथा अनुमोदित टेक्नीशियन राजकुमार जैन एवं कृष्ण गोपाल अग्रवाल पर कार्रवाई के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ग्रुप-3 को पत्र लिखकर निर्देश दिए गए हैं।

## बृहस्पति धाम मंदिर का पाटोत्सव संपन्न

**जयपुर**। राजस्थान के जयपुर शहर में बृहस्पति धाम मंदिर का पाटोत्सव का कार्यक्रम 7 जुलाई को सुबह 11 बजे डालडा फैक्ट्री ओवर ब्रिज के आगे महारानी फार्म हाउस रोड पर स्थित बृहस्पति धाम मंदिर में प्रांगण में शुरू हुआ। पत्रकार वार्ता में कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बाबूलाल शर्मा ने बताया की हर साल आयोजित होने वाले इस आयोजन में विशाल संख्या में भक्तजन परिवार के साथ पधारे और बृहस्पति देव महाराज का दूध एवं जल से अभिषेक मंदिर के महंत नरेंद्र शर्मा के द्वारा किया गया अभिषेक के बाद भक्तों को प्रसादी बैठकर कराई गई।

## दामाद ने ससुराल में की चोरी

**जयपुर** । गलता गेट थाना इलाके में ऑनलाइन गेमिंग के शौक में नुकसान लगने पर एक युवक ने अपने ससुराल में ही चोरी की वारदात कर डाली। पुलिस ने चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से सोने का मंगलसूत्र बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार चोरी के मामले में आरोपी आशीष माथुर (31) निवासी श्रीशिव नगर जयसिंहपुरा खोर हाल गोविन्द नगर पूर्व ब्रह्मपुरी को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में बास-बदनपुरा गलतागेट निवासी रुकमणी देवी ने 2 जुलाई को गलतागेट थाने में मामला दर्ज करवाया था।

## 'संस्कृत पढ़कर छात्र भी बनेगा आई.ए.एस.'

**जयपुर**। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो श्रीनिवास वरखेडी के नवीन नवाचार पाठ्यक्रम के क्रम में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में संस्कृत की पढ़ाई के साथ सिविल सर्विस की तैयारी भी कराई जाएगी। यह भारत का पहला विश्वविद्यालय होगा जो संस्कृत में पढ़ाई के साथ-साथ सिविल सर्विस की तैयारी कराएगा। इसके लिए केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के अभी तक सिर्फ दो कैंपस यानी की जयपुर एवं लखनऊ में बीए ऑनर्स इन संस्कृत एंड सिविल सर्विस स्टडीज (बीए एससीएस) कोर्स तैयार किया है।

जयपुर परिसर के निदेशक प्रो सुदेश कुमार शर्मा ने कहा कि संस्कृत क्षेत्र में यह एक नया अवसर है।

## वृक्षारोपण 10 को

**जयपुर**, (का.सं.)। बसवा स्थित नसियांजी में 10 जुलाई को वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित होगा। यह कार्यक्रम भगवान महावीर के 2550 वें निर्वाण वर्ष के उपलक्ष्य में उनकी शिक्षाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए आयोजित किया गया है। वृक्षारोपण शीतल कटारिया जयपुर एवं महावीर इंटरनेशनल जयपुर के सदस्यों के सानिध्य में किया जाएगा।

# हर घर को प्लास्टिक कैरी बैग्स से मुक्त करने का लक्ष्य हासिल करेंगे : एन.विजय

**जयपुर**, (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में पूरे राज्य को प्रदूषण मुक्त करने एवं सिंगल यूज़ प्लास्टिक के उपयोग से मुक्त करने के लिए राज्य भर में प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। एक ओर जहाँ वृहद स्तर पर विभिन्न विभागों,

- 'प्रदूषण एवं प्लास्टिक मुक्त राज्य के लिए संकल्पित राज्य सरकार'



राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के सदस्य सचिव एन विजय ने कपड़े के थैले बाँटकर प्लास्टिक कैरी बैग्स का उपयोग नहीं करने की शपथ दिलवाई।

स्वयंसेवी संस्थाओं एवं निजी संस्थाओं के सहयोग से पौधरोपण का कार्य किया जा रहा है। वही हर घर को प्लास्टिक केरी बैग्स से मुक्त करने के लिए मंडल के अधिकारियों द्वारा घर- घर जाकर न केवल सिंगल यूज़ प्लास्टिक के वस्तुएं उपयोग नहीं करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है बल्कि कपड़े के थैले बाँटकर प्लास्टिक कैरी बैग्स का का उपयोग नहीं करने की भी शपथ दिलवाई जा रही है।

राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के सदस्य सचिव एन विजय ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रदूषण मुक्त राज्य की संकल्पना को साकार करने के क्रम में राज्य अग्रसर है और सिंगल यूज प्लास्टिक एवं प्लास्टिक कैरी बैग्स का उपयोग न के बराबर हो इसके लिए सार्थक प्रयास धरातल स्तर पर किये जा रहे है। उन्होंने बताया कि कार्यालय कार्यों, नियम- कायदे बनाने के साथ उन्हें समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचना हमारा मौलिक जिम्मेदारी है जिसके तहत मंडल के अधिकारी एवं कर्मचारी घर- घर तक इस मुहीम को लेकर जा रहे है और कपड़े के थैलों का वितरण कर प्लास्टिक कैरी बैग्स उपयोग नहीं करने के लिए शपथ दिलवा रहे है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की प्रदूषण एवं प्लास्टिक मुक्त राज्य की व्यापक एवं दूरगामी सोच को साकार करने के हर स्तर पर हर संभव प्रयास किये जा रहे है।

सदस्य सचिव ने कहा कि मंडल के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर कपड़े के थैले वितरित करने की इस मुहिम का एक ही उद्देश्य है कि राज्य के प्रत्येक नागरिक के हाथ में प्लास्टिक कैरी बैग की जगह कपड़े का थैला दिखाई दे वही व्यापारिक संस्थानों एवं दुकानों पर भी कपड़े के थैले ही उपयोग में लिए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रयास किया जायेगा कि मंडल की यह मुहिम तब तक जारी रहे जब तक प्रत्येक व्यक्ति के हाथ में कपड़े का थैला नहीं आ जाता।

इस दौरान अधीक्षण वैज्ञानिक अधिकारी नेहा अग्रवाल के नेतृत्व में जगतपुरा स्थित रिहायशी सोसाइटी में कपड़े के थैलों का वितरण किया गया साथ ही प्लास्टिक कैरी बैग्स उपयोग नहीं करने, कचरे का समुचित प्रबंधन करने एवं पर्यावरण संरक्षण करने की शपथ दिलवाई गई। इस दौरान मौजूद सोसायटी के वरिष्ठ सदस्यों ने मंडल द्वारा चलायी जा रही मुहिम की सराहना करते हुए कहा कि अन्य लोगों तक मंडल के प्रदूषण मुक्त राज्य के सन्देश को प्राथमिकता से पहुंचना सुनिश्चित करेंगे।

# तीन युवकों का अपहरण कर 5-5 लाख रु. मांगे, दो आरोपी गिरफ्तार



रामनगरिया पुलिस ने फिरौती के लिए 3 युवकों का अपहरण करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया।

**जयपुर** । रामनगरिया थाना पुलिस ने फिरौती के लिए तीन युवकों का अपहरण करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार कर तीनों अपहृत युवकों को छुड़वा लिया। आरोपियों ने फिरौती के लिए अपहरण किया था और उनके दोस्त से 5-5 लाख रुपयों की मांग की थी। पुलिस ने उनके कब्जे से पिस्तौल बरामद की है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि रामनगरिया थाना इलाके में शनिवार रात ग्यारह बजे कार सवार हथियारबंद बदमाशों ने लोटस विला के मेन गेट के पास से तीन कॉलेज स्टूडेंट तरुण, हर्ष, हिमांशु का अपहरण किया और उनके साथ जमकर मारपीट भी की। इसके बाद पांच-पांच लाख रुपए की फिरौती मांगी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पहले आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और शहर में नाकाबंदी करवाई। पुलिस जांच में सामने आया है कि रात करीब 10.45 बजे अर्टिगा कार में बैठकर तरुण, हर्ष, हिमांशु और यश जगतपुरा की ओर जा रहे थे। करीब 15 मिनट बाद बदमाशों ने उन्हें रोका था। दो कारों में आए 7-8 बदमाश लाठी-डंडों से लैस थे। स्विफ्ट और अमेज कार में आए बदमाशों के नीचे उतरते ही यश गाड़ी छोड़कर भाग निकला। बदमाशों ने बाकी तीनों को अपहरण कर लिया। तीनों युवक प्राइवेट कॉलेज के स्टूडेंट हैं। बदमाश युवकों की कार को साथ ले गए, लेकिन वे कार को मालवीय नगर के डी-मार्ट के पास छोड़ गए। बदमाश तीनों युवकों को अपहरण कर जयपुर से सत्तर किलोमीटर दूर चाकसू के नैनवा गांव में ले गए। यहां तीनों को अपने-अपने दोस्तों और रिश्तेदारों को कॉल कर पांच-पांच लाख रुपए की फिरौती मंगवाने के लिए कहा। इस दौरान पुलिस टीम ने तीनों युवकों की मोबाइल लोकेशन ट्रेस की। लोकेशन के आधार पर पुलिस करीब 70 किलोमीटर तक आरोपियों का पीछा करते हुए नैनवा पहुंच गई। पुलिस को देखकर अपहरणकर्ता भाग निकले, पुलिस ने पीछा कर ऋषभ चौधरी निवासी चाकसू और विक्रम सिंह निवासी केकडी को पकड़ लिया। पुलिस ने अपहृत तीनों युवकों को भी सकुशल छुड़वाया।

## 11 खिलाड़ियों का नेशनल टीम में चयन

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ी नगर के केंद्रीय विद्यालय के खिलाड़ियों ने केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेकर कोटा में आयोजित टूर्नामेंट मे गोल्ड मेडल जीता है।

रविवार को विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विजेता खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। विद्यालय के प्राचार्य प्रहलाद सिंह ने बताया कि कोटा में केंद्रीय विद्यालय संगठन की ओर से संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्रीय विद्यालय खेतड़ी नगर की बालिका वर्ग अंडर 14 एवं अंडर 17 दोनों ही टीमों ने केवी झुन्झनू में आयोजित हुए टूर्नामेंट में भाग लेकर सिल्वर मेडल प्राप्त किए। विद्यालय के 11 बच्चों का चयन नेशनल टीम में खेलने के लिए किया गया है। इस दौरान बैडमिंटन में निशु रानी, सृष्टि भारद्वाज, फुटबॉल में मुकुल सिंह तोमर, गिरीश शर्मा सुमित, लॉन टेनिस में पार्थ वॉलीबॉल में निशांत यादव तथा वॉलीबॉल बालिका वर्ग में लावण्या, प्रियंका सैनी, अंशु मीना और अंबिका का नेशनल खेलने हेतु चयन हुआ है। प्राचार्य सिंह ने कहा कि आजके समय में युवा परंपरागतखेलों से दूर होता जा रहा है।

# मॉडल ग्राम पंचायत बनवास के मुख्य रास्तों में फैली गंदगी को लेकर ग्रामीणों की बैठक

### तीन दिन में सफाई नहीं हुई तो ग्रामीण करेंगे विरोध प्रदर्शन

**खेतड़ी,** (निसं)। सिंघाना पंचायत समिति की मॉडल ग्राम पंचायत बनवास के मुख्य रास्तों में फैली गंदगी से आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को ग्रामीणों की ओर से बैठक का आयोजन कर लोगों के सामने हो रही समस्या का समाधान करने की मांग की गई है।

इस दौरान ग्रामीणों ने बैठक के दौरान तीन दिन में समस्या का समाधान नहीं होने पर विरोध प्रदर्शन कर आंदोलन करने की चेतावनी भी दी है। इंद्रा कॉलोनी निवासी महीप मान ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से ग्राम पंचायत बनवास को मॉडल ग्राम पंचायत घोषित किया गया था। जमीनी स्तर पर हकीकत देखी जाए तो पंचायत की कॉलोनियों में मुख्य रास्ते कचरे के ढेर में अटे हुए हैं। ग्राम पंचायत की ओर से पिछले एक माह से कचरा उठाया नहीं जा रहा है, जिसके चलते कचरा पात्रों से कचरा रास्तों पर जमा होने लगा है तथा गंदगी के ढेर लगे हुए है। मॉडल ग्राम पंचायत बनवास कार्यकारी एजेंसी होने के नाते कचरा उठाने के लिए बैट्री रिक्सा लगाई गई थी



ग्रामीणों ने बैठक का आयोजन कर समस्या का समाधान करने की मांग की है।

जो अक्सर खराब होने से समय पर गलियों से कचरा नहीं उठाया जा रहा है। कचरा पात्रों से कचरा ज्यादा होने पर आवारा पशुओं द्वारा कचरे को बिखेर दिया गया। कचरे के ढेर हटाने ओर बेहतर साफ सफाई करवाने को लेकर ग्रामीणों की ओर ग्राम पंचायत को अवगत भी करवाया गया, लेकिन पंचायत के अधिकारियों की ओर से कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे है तथा कचरा उठाने के लिए वाहन की वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के मौसम में कचरा नालियों में जमा हो जाता है, जिससे गंदगी पूरे मौहल्ले में फ़ैल रही है।

■ ग्राम पंचायत की ओर से पिछले एक माह से कचरा उठाया नहीं जा रहा है

ऐसे में कालोनियों में नियमित साफ सफाई नहीं होने से मौसमी बीमारियों के फैलने का भय बना हुआ है। इस संबंध में जल्द ही जिला कलेक्टर से एक प्रतिनिधिमंडल मिलकर समस्या से अवगत करवाया जाएगा। इसके बावजूद भी समस्या का स्थाई समाधान नहीं किया गया तो ग्रामीणों की ओर से विरोध प्रदर्शन कर आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान बैठक में सहायक विकास अधिकारी विशंभर दयाल जांगिड़, महीप मान, किरोड़ी अग्रवाल, सुनील कुमार, राजेश, राजकुमार, संतोष, संजय सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

## सार-समाचार

### श्रीसैन समाज भवन का लोकार्पण

**बीदासर,** (निसं)। लाखों रूपये की लागत से बने श्रीसैन समाज भवन दड़ीबा का लोकार्पण रविवार को पूर्व विधायक किशना राम नाई व सुनील गहलोत ने विधिवत फीता काट कर किया। लोकार्पण समारोह बुद्धमल नाई की अध्यक्षता में समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक किशना राम नाई व विशिष्ठ अतिथि कमल किशोर नाई, कंचन सैन, सुनील गहलोत, कालूराम नाई, हुलास नाई, देवाराम नाई, ओमप्रकाश फुलभाटी, कालूराम रक्षक, बजरंग गहलोत, भीकम चंद डुंखवाल आदि थे। समारोह के मुख्य अतिथियों ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को खत्म करने व समाज के बच्चों को शिक्षित करने पर जोर दिया। समारोह में सैन समाज नव युवक मंडल के अध्यक्ष नंदकिशोर नाई, सचिव राकेश कुमार नाई, कोषाध्यक्ष महेश नाई, नानूराम नाई, गंगाधर नाई, श्यामसुंदर नाई, सत्यनारायण नाई, रतनलाल नाई सहित सैकड़ो की संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे। समारोह का संचालन शिक्षक हंसराज भाटी ने किया। भवन के लोकार्पण से पूर्व दड़ीबा के हनुमान मंदिर से महिलाओं ने गाजे बाजे के साथ मुख्य मार्गों से होते हुए कलश यात्रा निकाली, तथा रात्रि में जागरण व रविवार की सुबह हवन के कार्यक्रम सम्पन्न हुए।

### शिविर में 253 मरीज लाभांवित

**पाटन,** (निसं)। नीमकाथाना में कोरोना के कारण बंद होकर पुनः संकल्प परिसर खेतड़ी मोड पर प्रारंभ हुए सर्व समाज व ब्राह्मण महासभा के निःशुल्क चिकित्सा शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.जुगल शर्मा, मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.कुलदीप शर्मा, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.वैभव मित्तल व नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ.सजेश कुमार शर्मा ने 253 मरीजों की चिकित्सा परामर्श कर लाभांवित किया। अध्यक्ष प्रो.भवानी शंकर शर्मा ने बताया कि शिविर में अधिकांश वरिष्ठ नागरिक व महिलाएं उपस्थित रही, वहीं ग्रामीण क्षेत्र से भी काफी उपस्थिति रही है। शिविर में राधेश्याम शर्मा,रणजीत कुमावत,सरोज शर्मा,मीना मोदी,नीलम सैनी, दुर्गा शर्मा, कृष्णा अग्रवाल, राजेंद्र शर्मा, गोरीदत्त शर्मा,पवन शर्मा, प्रदीप शर्मा,शशि शर्मा, राजेंद्र अग्रवाल, एडवोकेट गोपाल शर्मा, संदीप शर्मा, उमराव गूर्जर सहित अनेक संभ्रांत लोग सेवार्थ उपस्थित रहे।

### बीएससी टॉपर्स का सम्मान

**सीकर,** (निसं)। प्रिंस कॉलेज में बीएससी सेकंड व थर्ड ईयर टॉपर्स के सम्मान में अवार्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले बीएससी सेकंड ईयर के 38 एवं थर्ड ईयर के 15 विद्यार्थियों को चेयरमैन डा. पीयूष सुण्डा, प्रबंध निदेशक ब्रिगेडियर जय सिंह, प्रबंधक डा. महेंद्र डूडी व व्याख्याताओं ने साफा, माल्यार्पण, स्मृति चिन्ह व दीवार घड़ी देकर सम्मानित किया। गौरतलब है कि बीएससी सेकंड ईयर की छात्रा निकिता शर्मा 92.89 प्रतिशत के साथ कॉलेज टॉपर रही हैं। कार्यक्रम में डा. पीयूष सुण्डा ने कॉलेज प्रथम वर्ष से ही पर्सनैलिटी ग्रूमिंग एवं कॉम्पिटिटिव एग्जाम पैटर्न पर विशेष फोकस रखने का आव्हान किया। समारोह में प्रिंस कॉलेज के समस्त स्टाफ मेंबर्स व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### पांच सौ पौधे लगाए

**पाटन,** (निसं)। निकटवर्ती ग्राम पंचायत डाबला में गो ग्रीन डाबला की टीम द्वारा रविवार को पांच सौ पौधे लगाए गएइस बारे में पूर्व सरपंच मनोज कुमार जिलोवा जो वर्तमान में अध्यापक है उन्होंने बताया की डाबला ग्राम पंचायत के शिक्षक गण, अधिकारी गण, सेवानिवृत्ति कर्मचारी, गांव के सामाजिक कार्यकर्ता, गांव के युवा साथियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण के लिए गो ग्रीन टीम का गठन किया गया है जो हर वर्ष एक हजार पौधे लगाएगी। रविवार को पांच सौ पौधे लगाए गए हैं और पांच सौ पौधे ग्राम पंचायत में जितने भी सरकारी कार्यालय हैं उनके आसपास लगाए जाएंगे।

### बच्चों को पौधे वितरित किये गये

**तारानगर,** (निसं)। तारानगर के श्री विनायक लाईब्रेरी द्वारा लाईब्रेरी में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को रविवार को पौधे वितरित किये गये। लाइब्रेरी के संचालक अमित कुमार ने बताया कि लाइब्रेरी में पढ़ने वाले बच्चों को आज पौधे वितरित किये गये जो अपने घर, सार्वजनिक जगह या जहां रह रहे है उन हॉस्टल आदि में पौधे लगाएं जाएंगे। वर्मा ने आगे बताया कि साथ में जो भी बच्चा पौधे के साथ सेल्फी भेजेगा उसको इनाम भी दिया जाएगा, आज के दिन 251 पौधे लगाये जाएंगे एवं पूरे सत्र में कुल 1100 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

### रक्तदान शिविर 10 जुलाई को

**झुंझुनूं,** (निसं)। नगर परिषद के पूर्व उप सभापति वीरेंद्र डारा के 50वें जन्मदिवस पर उनके समर्थकों व प्रियजनों द्वारा विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व पार्षद पप्पू पीरजी व सुनील भड़ौंदा ने बताया कि बुधवार 10 जुलाई को बंधे का बालाजी के समीप स्थित फॉर्म हाउस पर सुबह 8 बजे से देर शाम तक चलने वाले शिविर में 'रक्तदान महादान' के संकल्प के साथ उनकी टीम के बंधे बॉयज सदस्यों व मित्रगणों द्वारा विशाल संख्या में रक्तदान किया जाएगा। इस अवसर पर बंधे बॉयज ग्रुप सदस्यों द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर विभिन्न सामाजिक सरोकारों में सहयोग व सक्रिय भागीदारी का संकल्प भी लिया जाएगा।

### अंबेडकर पार्क में पौधा लगाया

**झुंझुनूं,** (निसं)। रविवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में शिक्षा व पंचायतराज मंत्री मदन दिलावर ने पौधारोपण किया। इससे पहले पार्क पहुंचने पर अनुसूचित जाति समाज के विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने माल्यार्पण कर मंत्री का स्वागत किया। मोतीलाल आलड़िया ने पुष्प गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। राजस्थान एससी, एसटी, ओबीसी कर्मचारी अधिकारी संयुक्त महासंघ के जिलाध्यक्ष पवन आलड़िया ने मंत्री को उनका पोट्रेट भेंट किया। शिक्षा मंत्री ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर चरणों में पुष्प अर्पित किए। मंत्री दिलावर ने पार्क में एक अशोक का पौधा भी लगाया।

## स्काउट्स-गाइड्स ने शिक्षा मंत्री का स्वागत किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनूं के तत्वावधान में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के नवलगढ़ आगमन पर स्काउट जिला प्रधान गंगाधरसिंह सुंडा, जिला मुख्य आयुक्त एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अनसूईया सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक सुभाषचंद्र ढाका, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नवलगढ़ अशोक कुमार शर्मा, एसीबीओ महेंद्र सैनी, सीओ स्काउट महेश कालावत, सीओ गाइड सुभिता महला, नवलगढ़ स्काउट प्रधान मुरली मनोहर चोबदार के नेतृत्व में शिक्षा मंत्री एवं विधायक विक्रम सिंह जाखल को संगठन की परंपरा के अनुसार स्कार्फ पहनाकर, गुलदस्ता एवं स्मृति चिह्न भेंटकर भव्य स्वागत, अभिनंदन किया गया।

सीओ स्काउट महेश कालावत ने बताया कि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के रामदेव मंदिर आगमन पर राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ नवलगढ़ के स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स ने लीडर ट्रेनर रामावतार सबलानिया, स्काउट सचिव दशरथलाल सैनी, सहायक सचिव शिवप्रसाद वर्मा के नेतृत्व में गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया गया।

इस अवसर पर रोवर लीडर डॉ. संजय सैनी के नेतृत्व में पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान शिक्षा मंत्री ने इंटरनेशनल जंबूरी कोरिया में भाग लेने वाले स्काउट हेमंत, कविराज एवं श्रीलंका जंबूरी में भाग लेने वाले स्काउट मोहित वर्मा, यश वर्मा एवं अभिषेक सैनी को माला पहनाकर शाबाशी दी।

सीओ स्काउट महेश कालावत ने शिक्षा मंत्री को स्काउट गाइड संगठन की अंतर्राष्ट्रीय गतिविधियों से अवगत करवाया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, विधायक विक्रम सिंह जाखल ने स्काउट्स गाइड्स एवं पदाधिकारियों के साथ ग्रुप फोटो करवाई तत्पश्चात एक पेड़ मां के नाम लगाए गए।

## भांबू के कार्यालय में शिक्षा मंत्री का भव्य स्वागत

**झुंझुनूं,** (निसं)। भाजपा नेता राजेंद्र भांबू के अग्रसेन सर्किल स्थित कार्यालय में शिक्षा व पंचायतराज मंत्री मदन दिलावर का जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर दिलावर के साथ पार्टी के कई वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी का भी स्वागत किया गया। भांबू के स्वागत से शिक्षा मंत्री दिलावर काफी खुश नजर आए। भांबू के साथ राजनैतिक हालातों पर चर्चा करते हुए कहा कि उप चुनावों में इस बार सभी को एक साथ मिलकर झुंझुनूं विधानसभा में कमल का फूल खिलाना है। इस मौके पर भांबू ने शिक्षा मंत्री को श्रीमद्भागवत गीता और संपूर्ण हनुमान संग्रह की डिजीटल प्रति भेंट की। वहीं एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शिक्षा मंत्री ने पौधा लगाया और संकल्प दिलाया कि सभी कार्यकर्ता ना केवल खुद पौधे लगाएंगे बल्कि दूसरों को भी प्रेरित करेंगे।

# लायंस क्लब सीकर डायमंड ने पौधारोपण किया

**सीकर,** (निसं)। लायंस क्लब सीकर डायमंड ने रविवार सुबह 3233 ई-1 के सांसों का कर्ज चुकाना थीम के तहत एक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बड़ी संख्या में पौधे लगाए। लायन अखिलेश कौशिक व लायन मनीषा कौशिक ने इस कार्यक्रम के लिए अपने निवास स्थान को पौधों की पर्याप्त स्पेस और नियमित देखभाल के लिए उपलब्ध कराया। क्लब अध्यक्ष लायन सज्जन अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष क्लब की थीम सेव ह्यूमैनिटी है, जिसके अंतर्गत मानवता की सेवा के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नए सत्र के शुरू होते ही जुलाई माह में यह पहला वृक्षारोपण कार्यक्रम था,जिसमें न केवल बड़ों ने बल्कि बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। क्लब सचिव लायन पल्लवी जैन



लायंस क्लब सीकर डायमंड ने सांसों का कर्ज चुकाना थीम के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया।

ने बताया कि इस वर्ष क्लब द्वारा एक नई पहल की गई है। क्लब ने संकल्प लिया है कि नए सत्र के 365 दिन के अनुरूप वर्ष भर में 365 पौधे लगाए जाएंगे और उनकी समय-समय पर देखभाल की जाएगी। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष लायन सज्जन अग्रवाल,सचिव लायन पल्लवी जैन,लायन डॉक्टर प्रीति जैन, लायन पूनम शर्मा,लायन अशोक जयपुरिया, लायन अखिलेश कौशिक, लायन सुशीला सैनी,लायन पंकज जैन, नरेंद्र कौशिक, सुरेंद्र कौशिक, लायन मेघा अग्रवाल,लायन मनीषा कौशिक, यतिका, मिशिका, निखिलेश, समय, टुकटुक, तन्मय सहित कई अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

# दिलावर नाकामियों को छुपाने के लिए कांग्रेस को कोसते हैं : सुंडा

**झुंझुनूं,** (निसं)। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने झुंझुनूं दौरे के दौरान राहुल गांधी और कांग्रेस को लेकर जो टिप्पणियां की है। उस पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सुंडा ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि मदन दिलावर से ना तो शिक्षा विभाग संभल रहा है और ना ही पंचायतराज विभाग संभल रहा है। अपनी नाकामियों को छुपाने और अपने नेताओं को खुश करने के लिए दिलावर ऐसी बातें बोलते हैं। जिनका कोई वजूद नहीं है। सिर्फ चर्चाओं में रहने के लिए वे ऐसा कर रहे है।

■ शिक्षा मंत्री मदन दिलावर द्वारा कांग्रेस व राहुल गांधी पर लगाए आरोपों पर पलटवार

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को कोसते कोसते मदन दिलावर ने बगड़ में अपने ही भाजपा नेता, जो विधानसभा प्रत्याशी भी रहे है। उनको ही मंच पर अपमानित कर दिया। इसलिए दिलावर के बयानों को गंभीरता से नहीं लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब से सरकार बनी है। तब से शिक्षा विभाग में शिक्षकों के तबादले करने, तबादला नीति बनाने, नए स्कूल खोलने में मंत्री दिलावर एक कदम तक नहीं बढा पाए हैं। हालात यह है कि शिक्षा अधिकारी एक-दूसरे के खिलाफ मुकदमेबाजी कर रहे हैं। यही हालात पंचायतराज विभाग का है। विडंबना है कि पंचायतों का पैसे रिलिज नहीं हो रहा है। पंचायत समिति में बीडीओ नहीं है। आरएएस अधिकारियों को चार्ज देकर काम चलाया जा रहा है। दिलावर, इस पर्ची सरकार के सबसे फेल मंत्री है। जो अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए अनर्गल बयानबाजी करते है। ताकि वे चर्चाओं में रहे और उनकी कुर्सी बची रहे। सुंडा ने कहा कि जल्द ही वे प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को चिट्ठी लिखेंगे। जिसमें वे मांग करेंगे कि दिलावर की अब तक की परफोरमेंस को देखते हुए उन्हें शिक्षा और पंचायतराज विभाग के मंत्री पद से हटाया जाए।

## मधुमेह चिकित्सा शिविर आयोजित

**झुंझुनूं,** (निसं)। लॉयंस क्लब झुंझुनूं द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को आयोजित किए जाने वाला मधुमेह चिकित्सा शिविर रविवार को स्वर्गीय रविंद्र कुमार केजरीवाल की पुण्य स्मृति में वासुदेव प्रसाद केजरीवाल फैमिली ट्रस्ट के आर्थिक सौजन्य से पंसारी लॉयंस अस्पताल बगड़ रोड पर आयोजित किया गया। जिसमें 67 रोगियों की शुगर जांच कर उन्हें लॉयन डॉ. अनिल अग्रवाल के चिकित्सा परामर्श पर एक माह की दवाइयां निशुल्क प्रदान की गई। इसी क्रम में रविवार को क्लब द्वारा बहुउद्देश्यीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 16 रोगियों का पंजीयन कर उन्हें क्लब द्वारा लॉयन डॉ. अनिल अग्रवाल के चिकित्सा परामर्श पर सात दिवस की दवाइयां निशुल्क प्रदान की गई।

# शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व कलश यात्रा निकाली

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ी उपखंड के शिमला गांव के जाटका धाम में नवनिर्मित शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर रविवार को प्रात हवन कर कलश यात्रा का शुभारंभ जाट का धाम से किया गया।

इस दौरान शिल परिवार को गांव का भ्रमण करवाने के बाद विधि-विधान से पूजन कर प्राण प्रतिष्ठा की गई। महिलाओं की ओर से निकाली गई यात्रा गांव के मुख्य रास्तों से होती हुई होली चौक में पंहुची। इसके बाद होली चौक से वापस यात्रा प्रारंभ होकर जाट का धाम पर बने शिव मंदिर में पहुंची। कलश यात्रा में 151 महिलाओं ने भाग लिया। कलश यात्रा के समय नव स्थापित की जाने वाले शिव दरबार की भी यात्रा निकाली गई। गांव में नवनिर्मित शिव मंदिर का निर्माण सूरजभान यादव, रतिराम यादव, फतेह सिंह यादव, तोताराम यादव द्वारा करवाया गया है। मंदिर के निर्माण के शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा की गई है। इस दौरान शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। इसके बाद मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा व देवी प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आचार्य अभिमन्यु शर्मा ने कहा किमनुष्य को अपने जीवन में धार्मिक अनुष्ठान करने चाहिए। भगवान के प्रति आस्था रखने से सदैव जीवन आनंदमय रहता है तो भगवान की भक्ति करने से अपने भक्तों पर हमेशा भगवान की कृपा रहती हैं।

# एक शीश से ज्यादा एक पेड़ कीमती होता है : मदन दिलावर

**नवलगढ़,** (निसं)। राहुल गांधी कहते हैं कि हिंदू हिंसक हैं, पाखंडी हैं। लेकिन मैं कहता हूं हिंदू हिंसक हो ही नहीं सकता। बल्कि हिंदू तो सभी धर्मों और संस्कृतियों का सम्मान करते हैं। विदेश माता की कोख से जन्मा पुत्र देशभक्त नहीं हो सकता। यह बात रविवार सुबह नवलगढ़ के बाबा रामदेव मंदिर में धोक लगाने के बाद सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए राजस्थान सरकार के पंचायतीराज व शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कही।

■ शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने नवलगढ़ के रामदेवजी मंदिर में लगाई धोक

मंत्री मदन दिलावर ने पर्यावरण संरक्षण पर विशेष बल देते हुए कहा कि एक शीश से ज्यादा एक पेड़ कीमती होता है। अमेरिका में प्रति व्यक्ति साढे छह हजार पेड़ हैं। हमारे देश भारत में प्रति व्यक्ति 47 और राजस्थान में प्रति व्यक्ति मात्र 20 पेड़ हैं। जो चिंता का विषय है। हमें दृढ़ संकल्प के साथ अधिक से अधिक पौधारोपण करना होगा। इसके लिए राजस्थान सरकार ने निशुल्क पौधे उपलब्ध करवाने और पौधे लगाने के लिए नरेगा के माध्यम



मंत्री मदन दिलवार व विधायक विक्रमसिंह जाखल ने गोपाल व्यायामशाला में पौधारोपण अभियान की शुरूआत की।

से श्रमिक उपलब्ध करवाने की भी योजना शुरू की है। स्वागत उद्बोधन में विधायक विक्रमसिंह जाखल ने कहा कि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ऐसे व्यक्ति हैं। जिन्होंने राम मंदिर बनने तक कभी माला नहीं पहनी और हमेशा जमीन पर सोए। विधायक ने ग्राम पंचायतों का बजट बढ़ाने और नौजवानों को अधिकाधिक रोजगार देने व ग्रामीण क्षेत्र में नंदीशाला और गौशाला की संख्या बढ़ाने की मांग रखी।

सम्मान समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, पूर्व विधायक सुभाष पूनियां, बाबूलाल तोषावड़ा, नवलगढ़ सैनी समाज संस्था अध्यक्ष सुरेंद्र फूलवाला, भाजपा नेता राजेश कटेवा, भवानीशंकर शर्मा, रामावतार नारनोलिया मंचस्थ रहे। विधायक विक्रम सिंह के नेतृत्व में मंत्री मदन दिलावर का माल्यार्पण कर साफा पहनाया गया और बाबा रामदेवजी का छाया चित्र भेंट किया गया।

सम्मान समारोह के बाद मंत्री मदन दिलवार व विधायक विक्रमसिंह जाखल ने गोपाल व्यायामशाला में पौधारोपण अभियान की शुरूआत की। व्यायामशाला परिसर में जामुन, आम, आंवला सहित अनेक फलदार पौधे लगाए। नगरपालिका नवलगढ़ की ओर से ट्री गार्ड उपलब्ध करवाए गए।

## ब्राह्मण समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**सीकर,** (निसं)। विप्र सेना द्वारा शनिवार को ब्राह्मण प्रतिभावों का सम्मान समारोह साधु संतों के सानिध्य में आयोजित किया गया।

विप्र सेवा एवं राष्ट्रीय प्रमुख सुनील तिवाड़ी ने कहा कि समाज को आरक्षण रूपी नाग का सामना करना पड़ेगा क्योंकि राजनीतिक पार्टियां केवल ब्राह्मण के वोट को हासिल करना जानती हैं। लेकिन जब कुछ देने की बारी आती है तो वह पीछे हट जाते हैं हमारे विद्यार्थियों को अपने बल पर आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि समाज के भामाशाहों को आगे आकर संरक्षण भी करना होगा क्योंकि कुछ विद्यार्थी शिक्षा से वंचित रहे जाते हैं जिन्हें आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कई जातियां हमारे समाज के पीछे पड़ी है हमारे वोट की ताकत तो सब जानते हैं लेकिन लोकसभा चुनाव में हमें क्या मिला यह सोचना होगा जिन जातियों ने भाजपा को लोकसभा में वोट नहीं दिए उन समाजों के नेताओं के अधिक प्रतिनिधित्व मिला। तिवाड़ी ने कहा कि आप में प्रतिभा है तो आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। कल्याण धाम के महंत विष्णु प्रसाद, निवृत्ति महाराज, शैलेंद्र नाथ महाराज, राकेश लाटा ,पुरुषोत्तम पाण्डेय ,हुलास तिवाड़ी ,अर्चना पारीक, सुरेश पारीक ,कपिल शर्मा ,दिनेश दादिया, महेश शर्मा सहित अनेक लोगों ने अपने विचार व्यक्त किये।

# 'हर मेड़ पर पेड़' की थीम पर 5100 पौधे लगाए

**झुंझुनूं,** (निसं)। माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं की कार्यकारिणी ने इस वर्ष अगस्त तक 11 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जिसकी पालना में विश्व पर्यावरण दिवस पर संस्था द्वारा 1100 पौधे प्रथम चरण में लगाए जा चुके हैं।

माली सैनी समाज संस्था के जिलाध्यक्ष महेंद्र शास्त्री ने बताया कि द्वितीय चरण की शुरुआत खुडाना स्थित महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पौधारोपण के साथ की गई। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रजातियों के लगभग 250 पौधे वितरित कर उनकी सार-संभाल की शपथ दिलाई गई। पौधारोपण अभियान में कायस्थपुरा में माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं के जिलाध्यक्ष महेंद्र शास्त्री के नेतृत्व में अपने फॉर्म हाउस पर वृहद स्तर पर पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर नानूवाली बावड़ी के सरपंच रमेशचंद्र सैनी, माली सैनी समाज के संगठन मंत्री अशोक सैनी नानूवाली बावड़ी, श्यामलाल सैनी मलसीसर, सांवरमल सैनी मलसीसर, वरिष्ठ अध्यापक रंगलाल सैनी कायस्थपुरा, अमित सैनी मलसीसर, सुनिता सैनी कायस्थपुरा, वरिष्ठ अध्यापक अनिता सैनी कायस्थपुरा, वरिष्ठ अध्यापक संतोष सैनी कायस्थपुरा, अल्पना सैनी,



माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं की कार्यकारिणी ने अभियान के दूसरे चरण में 5100 पौधे लगाये।

भाविका सैनी, दिव्यांश सैनी, बृजलाल सैनी कायस्थपुरा, शेरसिंह सैनी, द्वारिकाप्रसाद सैनी, ओमप्रकाश सैनी, संस्था के कर सलाहकार एडवोकेट होशियार सिंह, हीरालाल सैनी, प्रधानाचार्य हरफूलसिंह सैनी, शिक्षा प्रसार अधिकारी रघुवीर सैनी, राजवीर सैनी मेघसागर सहित अन्य गणमान्य समाजबंधु उपस्थित रहे।

समाजसेवी धन्नाराम सैनी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत चैलासी में, माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं के ब्लॉक संयोजक संदीप सैनी के नेतृत्व में कासिमपुरा ग्राम पंचायत में, मास्टर प्रदीप सैनी एवं मीडिया प्रभारी नरेश बगड़ के नेतृत्व में माखर पंचायत के अशोक नगर में मुकेंद्र सैनी के नेतृत्व में झीलों की ढाणी में भाजपा नेता मुरारी सैनी, प्रधानाचार्य महेंद्र सैनी, महामंत्री रतनलाल सैनी के संयुक्त तत्वावधान में झुंझुनूं स्थित कृषि फार्म पर, इसी प्रकार आदर्श नगर से प्रधानाचार्य ओमप्रकाश सैनी एवं अनिता सैनी के नेतृत्व में कृषि फार्म पर पौधारोपण किया गया। माली सैनी समाज संस्था के पिलानी ब्लॉक अध्यक्ष देवकरण सैनी द्वारा चिड़ावा चौधरी कॉलोनी स्थित विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर परवरिश का जिम्मा लिया।



मुझे रोहित शर्मा की कप्तानी पर पूरा भरोसा है। रोहित एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट क्रिकेट भारत की अगुआई जारी रखेंगे। भारत उनकी कप्तानी में चैंपियन्स ट्रॉफी और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप डब्ल्यूटीसी जीतेगा। - जय शाह

बीसीसीआई सचिव, रोहित की कप्तानी के बारे में कहा।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी

## अर्शदीप सिंह



भारत के बायें हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह का यहां अपने गृहनगर में नायक की तरह स्वागत किया गया जहां प्रशंसकों और परिवार के सदस्यों ने उन्हें माला पहनाई, जुलूस निकाला और भांगड़ा किया। अर्शदीप ने हाल में टी20 विश्व कप में भारत की खिताबी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने 17 विकेट लिए और अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी के साथ सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर रहे।अर्शदीप के मुंबई से चंडीगढ़ पहुंचने पर स्वागत करते हुए उनके प्रशंसकों ने टीम इंडिया की जर्सी पहनी और तिरंगा लहराया।

**क्या आप जानते हैं ?...** एक टेस्ट मैच में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड इंग्लैंड के खिलाड़ी ग्राहम गूच के नाम है। गूच ने 1990 में भारत के खिलाफ 333 और 123 रन बनाए।

# भारत ने जिम्बाब्वे को दूसरे टी-20 में 100 रन से हराया

## शनिवार की हार का बदला रविवार को लिया

### अभिषेक शर्मा ने तूफानी शतक लगाया



हरारे, 7 जुलाई। अभिषेक शर्मा (100) की शतकीय और ऋतुराज गायकवाड़ नाबाद (77) और रिंकू सिंह नाबाद (48) रनों विस्फोटक पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने रविवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में जिम्बाब्वे को 100 रन से हरा दिया है। इसी के साथ भारत ने पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला में 1-1 से बराबरी कर ली हैं।

235 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे को मुकेश कुमार ने पहले ही ओवर में इनोसेंट काइया (4) को बोल्ड कर पहला झटका दिया। हालांकि वेस्ले मधेवीरे और ब्रायन बेनेट ने कुछ देर पारी को संभाले रखा। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट लिये 34 रनों की साझेदारी हुई। चौथे ओवर में मुकश कुमार ने ब्रायन बेनेट (नौ गेंदों में 26 रन) को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा।

रवि बिश्नोई ने वेस्ले मधेवीरे (39 गेंदों में 43 रन) को बोल्ड आउट किया। आवेश खान ने डिओन मेयर्स (शून्य) और कप्तान सिकंदर रजा(4) को सस्ते में पवेलियन भेज दिया। जोनाथन कैंपबेल (10) क्लाइव मडांडे(शून्य), वेलिंग्टन मसाकाट्जा (1) और ब्लेसिंग मुजराबानी (2) रन बनाकर आउट हुये। ल्यूक जॉन्गवे ने 26 गेंदों में चार चौके लगाते हुये (33) रन बनाये। भारतीय गेंदबाजी के आगे जिम्बाब्वे की पूरी टीम 18.4 ओवर में 134 रन पर सिमट गई।

भारत की ओर से मुकेश कुमार और आवेश खान ने तीन-तीन विकेट लिये। रवि बिश्नोई को दो विकेट मिले। वॉशिंगटन सुंदर ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। आज के मैच में भारतीय बल्लेबाजी का तूफानी अंदाज कुछ इस तरह तथा पहले 10 ओवरों में जहां 74 रन बनाये। अगली 60 गेंदों में 160 रन जोड़ डाले। हालांकि बल्लेबाजी करने उतरी अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने शुरुआत अच्छी नहीं रही थी दूसरे ओवर में ब्लेसिंग मुजराबानी ने शुभमन गिल (2) को ब्रायन के हाथों कैच आउट कराकर भारत को बड़ा झटका दे दिया था। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये ऋतुराज गायकवाड़ ने अभिषेक शर्मा के साथ ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए दूसरे विकेट के लिये 137 रन जोड़ डाले। 14वें ओवर में वेलिंग्टन मसाकाट्जा ने अभिषेक शर्मा को मेयर्स के हाथों कैच आउट कराकर इस साझेदारी को तोड़ा। अभिषेक शर्मा ने 47 गेंदों में सात चौके और आठ छक्के लगाते हुये तूफानी अंदाज में (100) रन बनाये। ऋतुराज गायकवाड़ ने 47 गेंदों में 11 चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद (77) रनों की पारी खेली। रिंकू सिंह 22 गेंदों में दो चौके और पांच छक्के लगाते हुए (48) रन पर नाबाद रहे। भारतीय ने निर्धारित 20 ओवरों में दो विकेट पर 234 का स्कोर खड़ा किया। जिम्बाब्वे को जीत के लिए 235 रन लक्ष्य मिला था।

जिम्बाब्वे की ओर से ब्लेसिंग मुजराबानी और वेलिंग्टन मसाकाट्जा को एक-एक विकेट मिला।

# बारिश के कारण नहीं हो सका दूसरी पारी का खेल, मैच रद्द

## द. अफ्रीका की महिला टीम ने पहले खेलते हुए 178 रन बनाए



चेन्नई, 7 जुलाई। तेजमिन ब्रिट्स (52) और अन्नेका बोश (40) रनों की शानदार पारियों के दम पर दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने दूसरे टी-20 मुकाबले में भारत को जीत के लिये 178 रनों का लक्ष्य दिया।

आज यहां एम ए चिदंबरम स्टेडियम में भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वुलफार्ट और तेजमिन ब्रिट्स की सलामी जोड़ ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 43 रन जोड़े। पांचवें ओवर में पूजा वस्त्रकर ने लॉरा वुलफार्ट (12गेंदों में 22रन) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। नौंवे ओवर में दीप्ति शर्मा ने मैरिजान कप्प (14 गेंदों में 20) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। बिट्स और अन्नेका बोश की जोड़ी ने अभी 18 रन ही जोडे थे कि दीप्ती शर्मा ने तेजमिन ब्रिट्स (39 गेंदों में 52 रन) को छेत्री के हाथों स्टंप करवा दिया। क्लोई ट्राइऑन (12)और नडीन डी क्लर्क (14) रन बनाकर आउट हुई। अनरी डर्कसन 12 रन बनाकर नाबाद रही। दक्षिण अफ्रीका ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 177 रन बनाये। भारत को जीत के लिये 178 रनों का लक्ष्य मिला है। भारत की ओर से पूजा वस्त्रकर और दीप्ती शर्मा ने दो-दो विकेट लिये। राधा यादव और श्रेयंका पाटिल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# अभय ने एशियाई डबल्स स्क्वाश चैम्पियनशिप में दो स्वर्ण पदक जीते



जोहोर, 7 जुलाई। प्रतिभाशाली स्क्वाश खिलाड़ी अभय सिंह ने रविवार को यहां शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई डबल्स स्क्वाश चैम्पियनशिप में दोहरे खिताब हासिल किये। एशियाई खेलों में टीम चैम्पियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता अभय ने वेलावन सेंथिलकुमार के साथ मिलकर पुरुष युगल खिताब जीता। इसके बाद अभय ने अनुभवी जोशना चिनप्पा के साथ मिलकर मिश्रित युगल फाइनल में फतह हासिल की। अभय और वेलावन की शीर्ष वरीय जोड़ी ने पुरुष युगल फाइनल में मलेशिया के ओंग साई हुंग और सियाफिक कमाल की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को 11-4, 11-5 से शिकस्त दी।

इसके बाद अभय और जोशना की तीसरी वरीय जोड़ी ने टोंग सेज विंग और टांग मिंग होंग की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को मिश्रित युगल फाइनल में 11-8, 10-11, 11-5 से हराया। वेलावन ने एक विज्ञिप्त में कहा, "मैं अभय के लिए बहुत खुश हूं जिन्होंने इस हफ्ते इतना शानदार प्रदर्शन किया। हमें पूरा भरोसा था और हम बेहतर होते रहे। " इस साल पद्म श्री पुरस्कार पाने वाली जोशना ने कहा, "भारत के लिए फिर से खेलना मेरे लिए बहुत मायने रखता है क्योंकि मैं घुटने की सर्जरी के कारण पिछले पांच महीनों से खेल से दूर थी। युगल से वापसी करना अच्छा मौका था ताकि मैं पीएसए टूर पर वापसी कर सकूं।




## एशिया कप में भारत की अगुआई करेंगी हरमनप्रीत कौर

मुंबई, 7 जुलाई। हरमनप्रीत कौर 19 जुलाई से श्रीलंका में होने वाले महिला टी20 एशिया कप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम की अगुआई करेंगी। हरमनप्रीत अभी चेन्नई में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रही टी20 श्रृंखला में खेल रही हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला में शानदार फॉर्म में चल रही सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को उप-कप्तान बनाया गया है। मुख्य टीम की 15 खिलाड़ियों के अलावा श्वेता सहरावत, साइका इशाक, तनुजा कंवर और मेघना सिंह को रिजर्व खिलाड़ियों के तौर पर शामिल किया गया है। भारत को टूर्नामेंट के ग्रुप ए में रखा गया है जिसमें चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान (19 जुलाई), संयुक्त अरब अमीरात (21 जुलाई) और नेपाल (23 जुलाई) शामिल हैं। सभी मैच रंगिरी दांबुला अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले जायेंगे। भारत गत विजेता है और उसने रिकॉर्ड सात बार प्रतियोगिता जीती है।

भारतीय टीम इस प्रकार है- हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), उमा छेत्री (विकेटकीपर), पूजा वस्त्रकार, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, दयालन हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल और सजना सजीवन है।

# विनेश फोगाट ने जीता ग्रां प्री ऑफ स्पेन का खिताब



मैड्रिड, 7 जुलाई। पेरिस ओलंपिक 2024 से भारत की स्टार महिला पहलवान विनेश फोगाट ने एक बार फिर अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए स्पेन में आयोजित ग्रैंड प्रिक्स कुश्ती टूर्नामेंट में महिलाओं की 50 किग्रा वर्ग का खिताब जीत लिया हैं।

विनेश ने शनिवार देर रात खेले गये टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में इंडिविजुअल नेचुरल एथलीट मारिया तिउमेरेकोवा को 10-5 से हराया। शुरुआती मुकाबले में विनेश ने मौजूदा पैन अमेरिकन चैंपियन क्यूबा की युस्नेलिस गुजमैन को 12-4 से हराकर जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की थी। इसके बाद भारतीय पहलवान ने क्वार्टरफाइनल में राष्ट्रमंडल खेल 2022 की रजत पदक विजेता कनाडा की मैडिसन पार्क्स को हराया। सेमीफाइनल में कनाडा की कैटी डचक को 9-4 से शिकस्त दी थी।

उल्लेखनीय है कि विनेश स्पेन के मैड्रिड में प्रशिक्षण ले रही। विनेश फोगाट मैड्रिड में अपने प्रशिक्षण कार्यकाल के बाद फ्रांस के बोलोग्ने सुर-मेर के लिए रवाना होंगी। दो बार की ओलंपियन विनेश फोगाट 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस 2024ओलंपिक में महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगी।

# प्रियांशु कनाडा ओपन के सेमीफाइनल में हारे

कैलगरी, 7 जुलाई। भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी प्रियांशु राजावत को कनाडा ओपन में पुरुष एकल के सेमीफाइनल मुकाबले में रविवार को फ्रांस के एलेक्स लैनियर से हार का सामना करना पड़ा। बैडमिंटन रैंकिंग में 39वें स्थान पर मौजूद प्रियांशु 45 मिनट तक चले मुकाबले में दुनिया के 37वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांस के एलेक्स लैनियर से सीधे गेम में 21-17, 21-10 से हार गए। इस हार के साथ टूर्नामेंट में भारत का अभियान समाप्त हो गया।पहले गेम की शुरुआत प्रियांशु ने बढ़त के साथ की। लैनियर ने बराबरी हासिल करने के लिए वापसी की और फिर 7-4 की बढ़त बना ली। इसके बाद दोनों खिलाड़ी एक-एक अंक के लिए बराबरी करते रहे और 16-16 के स्कोर तक बराबरी पर रहे।फ्रांसीसी प्रतिद्वंद्वी ने इसके बाद लगातार चार अंक जीतकर स्कोर 20-17 कर लिया और गेम पर नियंत्रण पा लिया। हालांकि प्रियांशु एक गेम प्वाइंट बचाने में सफल रहे, लेकिन वह पहले गेम में 21-17 से हार गए। दूसरा गेम एकतरफा साबित हुआ। प्रियांशु अपने प्रतिद्वंद्वी को टक्कर नहीं दे पाए और 19 वर्षीय एलेक्स लैनियर ने अपना दबदबा बनाए रखते हुए शुरुआत में ही 14-3 की बड़ी बढ़त हासिल कर ली।

# तुर्की को हराकर नीदरलैंड यूरो कप के सेमीफाइनल में

बर्लिन, 7 जुलाई। नीदरलैंड ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए तुर्की को 2-1 से हराकर यूरोकप 2024 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

शनिवार देर रात खेले गये मैच के दूसरे हाफ में नीदरलैंड ने शानदान वापसी करते हुए तुर्की को 2-1 से हराकर पहली बार यूरोकप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

विन्सेन्जो मोंटेला की अगुआई में तुर्की के समेट अकादिन ने शक्तिशाली हेडर से नीदरलैंड पर गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद नीदरलैंड ने जवाबी हमला किया और (70वें) मिनट में स्टीफन डी व्रीज के शानदार गोल की बदौलत स्कोर को 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद दबाव में कोडी गैकपो के क्रॉस को मर्ट मुलदुर ने (76वें) मिनट में अपने ही नेट में गेंद डालकर नीदरलैंड को 2-1 से जीत दिला दी।



# भारतीय हॉकी टीम के भरोसेमंद खिलाड़ी शमशेर को मिला पेरिस का टिकट




नई दिल्ली, 7 जुलाई।फ्रांस की राजधानी पेरिस में होने जा रहे ओलंपिक खेलों के लिए युवा मिडफील्डर शमशेर सिंह टीम में अपनी जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। उनका सबसे बड़ा लक्ष्य टीम का सबसे भरोसेमंद बनने है। युवा भारतीय मिडफील्डर शमशेर सिंह का कहना है कि उनकी कठिन पृष्ठभूमि ने उन्हें जीवन में अनिश्चितताओं के लिए अच्छी तरह से तैयार किया है। उन्हें हॉकी में अपने शुरुआती दिनों में मुझे कई बाधाओं का सामना करना पड़ा और स्टिक, किट और जूते जैसी बुनियादी चीजों के लिए संघर्ष करना पड़ा। 27 वर्षीय ने इस खिलाड़ी ने साल 2020 में टोक्यो में ओलंपिक टेस्ट इवेंट में सीनियर भारत के लिए पदार्पण किया था। शमशेर सिंह का जन्म 29 जुलाई 1997 को अटारी पंजाब में हुआ था और उन्होंने हॉकी के इस महान खेल के प्रति इतनी कम उम्र में ही झुकाव विकसित कर लिया था और जालंधर पंजाब में सुरजीत सिंह हॉकी अकादमी में कोच अवतार सिंह के मार्गदर्शन में इस महान खेल की बारीकियाँ सीखीं। वह अटारी से भारत की ओलंपिक टीम में चुने जाने वाले पहले खिलाड़ी भी हैं। शमशेर सिंह ने मात्र 11 वर्ष की आयु में जालंधर स्थित सुरजीत सिंह हॉकी अकादमी में दाखिला लिया तथा अपने जीवन के अगले वर्ष अकादमी में ही बिताए, जहां उन्हें पढ़ाई पर ध्यान देने के साथ-साथ खेल की बारीकियां सीखने का अवसर मिला तथा शमशेर ने अपनी पढ़ाई में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

वह टोक्यो ओलंपिक 2020 में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे और इस महान खेल के प्रति उनके अपार योगदान के लिए उन्हें वर्ष 2021 में अर्जुन पुरस्कार भी मिला। शमशेर सिंह एक साधारण परिवार से आते हैं और उनका पूरा परिवार उनके पिता की आय पर निर्भर था।

# कोपा कप : पनामा ने कोलंबिया व अमेरिका ने ब्राजील को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचे

ग्लेनडेल, 7 जुलाई। कोलंबिया ने दबदबा बनाते हुए कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में शनिवार को यहां पनामा को 5-0 से रौंदकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस जीत के साथकोलंबिया ने अपने अजेय अभियान को 27 मैच तक पहुंचा दिया। जॉन कोरडोवा ने आठवें मिनट में जेम्स रोड्रिग्ज की कॉर्नर किक पर हैडर से गोल दागकर कोलंबिया को 1-0 की बढ़त दिलाई। रोड्रिग्ज ने 10 मिनट के भीतर पेनल्टी किक पर एक और गोल दागकर अपनी टीम को 2-0 से आगे किया। लुई डियाज ने रोड्रिग्ज के पास पर गोल दागकर कोलंबिया की बढ़त 3-0 की।

मध्यांतर तक कोलंबिया की टीम 3-0 से आगे थी। दूसरे हाफ में 70वें मिनट में रिचर्ड रायोस और फिर मिगुएल बोर्जा ने इंजरी टाइम में पेनल्टी किक पर गोल करके कोलंबिया की 5-0 से जीत सुनिश्चित की। कोलंबिया बुधवार को सेमीफइनल में उरूग्वे से भिड़ेगा जिसने ब्राजील को पेनल्टी शूट आउट में 4-2 से हराया।



## अमेरिका ने ब्राजील को 4-2 से हराया

लास वेगास, 7 जुलाई। । मैनुएल उगार्ते ने पांचवीं और अंतिम पेनल्टी किक पर गोल दागा जिससे उरूग्वे ने शनिवार को यहां ब्राजील को 4-2 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित की। दोनों ही टीमें निर्धारित समय और फिर अतिरिक्त समय में भी गोल करने में नाकाम रहीं। 41 फाउल हुए जो टूर्नामेंट के किसी मुकाबले में सर्वाधिक हैं। इस दौरान सिर्फ चार शॉट ही गोल की तरफ मारे गए। उरूग्वे के नाहिटन नांदेज को रोड्रिगो के खिलाफ खतरनाक टैकल के लिए 74वें मिनट में लाल कार्ड दिखाकर बाहर किया गया लेकिन ब्राजील की टीम विरोधी टीम के 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने का फायदा नहीं उठा सकी।

# मुख्यमंत्री ने राजपुरोहित छात्रावास का उद्घाटन किया


मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में राजपुरोहित छात्रावास का उद्घाटन किया। इस सार्वजनिक कार्यक्रम में संतजनों की भी उपस्थिति रही।

- अच्छी शिक्षा से युवा बनें आत्मनिर्भर और बेहतर जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त करें : भजनलाल शर्मा
- मुख्यमंत्री ने कहा कि जो 70 हजार पदों पर भर्तियों का काम चल रहा है उनसे युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे।

जयपुर, 7 जुलाई (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को जयपुर में संतजनों की उपस्थिति में राजपुरोहित ग्लोबल सेंटर ऑफ ऐक्सीलैंस (राजपुरोहित छात्रावास) का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राजपुरोहित समाज शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इस छात्रावास का निर्माण शिक्षा के क्षेत्र में समर्पण और सामाजिक सरोकार की सच्ची मिसाल है। यह छात्रावास युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के लिए मजबूत आधार प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्रावास में विभिन्न क्षेत्रों के विद्यार्थी साथ रहते हैं, जिससे बेहतर संवाद स्थापित होता है और उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। मुख्यमंत्री ने छात्रावास परिसर का अवलोकन भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा व्यक्ति और समाज के विकास का मुख्य आधार है। शिक्षा से ज्ञान प्राप्त कर कौशल का विकास होता है, जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की क्षमता विकसित होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा हमें आत्मनिर्भर बनाती है और बेहतर जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त करती है। युवा वर्ग भारत का भविष्य है, अच्छी शिक्षा हासिल कर वह राष्ट्र निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान निभाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकार ने हमारी युवा शक्ति को निराशा की गर्त में धकेल दिया था। पेपर लीक की घटनाओं से कड़ी मेहनत करने वाले ईमानदार विद्यार्थियों का मनोबल टूट गया था। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनते ही पेपर लीक के मामलों की जांच के लिए एसआईटी गठित की गई। भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक व अन्य अनियमितताओं के संबंध में एसआईटी ने ठोस कार्रवाई करते हुए 108 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के सपनों को तोड़ने वालों को छोड़ेंगे नहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकता में शामिल हैं। उन्होंने युवा शक्ति को राष्ट्रशक्ति के रूप में पहचान कर उनके लिए अनेक कदम उठाए हैं। प्रधानमंत्री शिक्षा प्रणाली को रोजगारोन्मुख बनाने, युवाओं को 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना करने लायक बनाने और उन्हें वैश्विक नागरिक के रूप में तैयार करने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लेकर आए हैं। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 2014 के बाद देश में उच्च शिक्षा संस्थानों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है।

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और छात्रवृत्ति जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। प्रदेश के प्रत्येक संभाग में राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस स्थापित किए जा रहे हैं। तकनीक से जुड़े नए विचारों को प्रोत्साहित करने के लिए अटल इनोवेशन स्टूडियो एंड एक्सीलरेटर्स शुरू कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार राजस्थान में खेल आधुनिकीकरण मिशन शुरू कर रही है, जिससे प्रदेश की खेल प्रतिभाएं ओलम्पिक तक पहुंच सकें।

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा युवा शक्ति की राज्य के विकास में सहभागिता बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने के लिए इस वर्ष लगभग 70 हजार पदों पर भर्तियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को निजी क्षेत्र में करिअर निर्माण में मार्गदर्शन देने के लिए प्रदेश के समस्त संभाग मुख्यालयों पर युवा साथी केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द ने कहा था कि 21वीं सदी भारत की होगी। उन्हें पूर्ण विश्वास है कि इस लक्ष्य को युवा अपने आत्मबल, समर्पण और शक्ति से हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए नागरिक कर्तव्यों का पालन करें एवं केन्द्र तथा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाएं। शर्मा ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारम्भ किए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए एक पेड़ अवश्य लगाएं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने भी कल्पवृक्ष का पौधारोपण किया।

इस अवसर पर वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा, जयपुर सांसद मंजू शर्मा, विधायक गोपाल शर्मा, छगन सिंह राजपुरोहित, प्रशांत शर्मा तथा संत तुलसारामजी महाराज, निर्मलदास महाराज, आत्मानंद सरस्वतीजी महाराज सहित युवा शक्ति एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# सतीश पूनिया का बाड़मेर आगमन पर जोरदार स्वागत

## पूनिया ने बाड़मेर सर्किट हाउस में जाट समाज के छात्रों को संबोधित करते हुए लोकसभा में हिन्दुओं के प्रति राहुल गांधी के बयान की तीखी आलोचना की

- पूनिया ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि उनकी गाड़ी पटरी पर दौड़ते-दौड़ते कब उतर जाये इसका कुछ अता-पता नहीं है, उनका हिन्दुओं के खिलाफ दिया गया यह बयान पटरी से गाड़ी उतर जाने जैसा ही है।

बाड़मेर, 7 जुलाई (निसं)। राजस्थान भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व हरियाणा प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया रविवार को एक दिवसीय कार्यक्रम के तहत बाड़मेर प्रवास पर पहुंचे। पूनिया बाड़मेर जिले के गुड़ामालानी में आयोजित होने वाले जाट समाज के छात्रावास कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचे।

कार्यक्रम में शामिल होने से पहले सर्किट हाउस में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया का साफा, मालाएं व पटुडा ओढ़ाकर भव्य स्वागत किया। इसके बाद पत्रकार वार्तालाप की। पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व हरियाणा प्रभारी सतीश पूनिया ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए राहुल गांधी पर सवाल खड़े किए। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं को लेकर दिए गए बयान पर बोलते हुए भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा कि, अभी भी कई नेता परिपक्व नहीं हुए हैं उसका पैमाना राहुल गांधी है। राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि उनकी गाड़ी पटरी पर दौड़ते- दौड़ते कब उतर जाए इसका कुछ अदा-पता नहीं है और उनका यह बयान पटरी से गाड़ी उतरने जैसा ही है।

पूनिया ने कहा कि लोगों ने कहा कि राहुल गांधी ने नेता प्रतिपक्ष के नाते अच्छा भाषण दिया पर एक कमी छोड़ दी। उन्होंने आगे बोलते हुए कहा कि किसी व्यक्ति, समाज या फिर दल विशेष के लिए कह सकते हो, लेकिन पूरे हिन्दू समाज को बोलना की यह हिंसा करते हैं। पूनिया ने कहा कि मुझे लगता है कि इसमें कही ना कहीं विदेशी ताकतों का हाथ है। पूनिया ने कहा कि इस तरह का बयान कोई अपरिपक्व राजनेता ही दे सकता है। उनको देश से माफी मांगनी चाहिए।

पूनिया ने राजस्थान की पूर्ववर्ती गहलोत सरकार को खर्ची की सरकार बताया। पूनिया ने ये भी कहा कि विधानसभा में हंगामा कर कांग्रेस पेपर लीक और करप्शन के मुद्दे को भटकना चाहती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राज में आज भारत पूरे विश्व में अपना डंका बजा रहा है। विकास की रफ्तार की तरफ बढ़ रहा है। विश्व मे भारत की साख बढ़ी है। मोदी सरकार व राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से गरीब व आमजन को लाभ मिल रहा है।

प्रेस वार्तालाप में जिलाध्यक्ष दिलीप पालीवाल,पूर्व जिलाध्यक्ष स्वरूपसिंह खारा, विधायक आदूराम मेघवाल,डॉ प्रियंका चौधरी,जिला प्रवक्ता रमेशसिंह इन्दा,आई.टी. प्रदेश सह संयोजक दीपक कड़वासरा, जिला महामंत्री रणवीरसिंह भादू उपस्थित रहे।

# गोवा में लैण्डस्लाइडिंग में फंसे 80 पर्यटक

- ये पर्यटक सत्तारी तालुका के एक वॉटरफॉल में रविवार की छुट्टी मनाने पहुँचे थे तभी अचानक से उस स्थान पर जल स्तर बहुत बढ़ गया।

पणजी, 7 जुलाई। देश के अलग-अलग हिस्सों में बीते कुछ दिनों से मध्यम से लेकर तेज बरसात हो रही है। जोरदार बारिश के चलते कहीं पर भूस्खलन हुआ है तो कहीं बाढ़ की नौबत आ गई है। गोवा के सत्तारी तालुका में पाली वाटरफॉल में रविवार को भारी बारिश के कारण अचानक जलस्तर बढ़ गया। इसके चलते वहां पर 80 पर्यटक फंस गए थे जिन्हें बचा लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि अग्निशमन और आपातकालीन सेवाकर्मियों की मदद से फंसे हुए लोगों को बचाया गया। जलप्रपात तक पहुंचने के लिए एक नदी पार करनी पड़ती है। रविवार होने के कारण सुबह जलप्रपात पर बड़ी संख्या में लोग जुट गए। भारी बारिश के बीच दोपहर जलप्रपात में पानी का बहाव अचानक बढ़ने से वहां मौजूद लोग फंस गए।

पुलिस अधीक्षक अक्षत कौशल ने बताया, 'पाली जलप्रपात से सभी 80 लोगों को बचा लिया गया है। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बचाव अभियान गोवा अग्निशमन और आपातकालीन सेवाओं के साथ मिलकर चलाया गया।' अधिकारियों के अनुसार, फंसे लोगों की ओर से वालपोई थाने को सूचित करने और मदद मांगने के बाद बचाव अभियान शुरू हुआ। एक अन्य घटनाक्रम में, राज्य शिक्षा विभाग ने लगातार बारिश के मद्देनजर सोमवार को स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया है। छुट्टी छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों के लिए भी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार तक गोवा के लिए रेड अलर्ट घोषित किया है। हिमाचल प्रदेश के शिमला में रोहाना के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 707 अवरुद्ध हो गया है। क्षेत्र में भारी बारिश के बाद भारी भूस्खलन की घटना हुई। इसके कारण हाटकोटी और पांवटा साहिब को जोड़ने वाला राजमार्ग बंद कर दिया गया है। पहाड़ी का एक बड़ा हिस्सा सड़क पर गिर गया, जिससे बड़ी-बड़ी चट्टानें निकल गईं और मार्ग बाधित हो गया। हाल की भारी बारिश के कारण पूरे हिमाचल प्रदेश में 80 से अधिक सड़कें बंद हो गई हैं जिनमें मंडी, कुल्लू, शिमला, सिरमौर और कांगड़ा जिले सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। शिमला मौसम कार्यालय ने अगले सप्ताह 13 जुलाई तक भारी बारिश, तूफान और बिजली गिरने की भविष्यवाणी करते हुए येलो अलर्ट जारी किया है।

## गंगानगर शहर बारिश से ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

मिल की भूमि के पास रेलवे अण्डर पास में पानी भर गया। पानी के कारण कुछ वाहन चालकों ने ओवरब्रिज से निकलना बेहतर समझा।

जबकि कई वाहन अण्डर पास में पानी होने बावजूद उसमें से निकलते रहे। पिछले एक महीने से जिला प्रशासन बार बार नगर परिषद और यू.आई.टी. को बरसाती पानी निकासी से निपटने के लिए कड़े प्रबंधन करने के निर्देश दे रहा था लेकिन नगर परिषद और यू.आई.टी. ने सिर्फ औपचारिकताएं निभाई। बारिश के कारण अनेक स्थानों पर पानी सड़कों और मोहल्लों में एकत्र हो गया।नगर परिषद की ओर से पानी की सुचारू निकासी के लिए जेसीबी मशीनें, डंपर, सुपर सकर मशीन, पंप सेट भेजने पड़े। मानूसन से पहले शहर के नालों की सफाई व्यवस्था की पोल रविवार को फिर खुली। बारिश के दौरान नालों के कचरे, गंदगी व सील्ट से अटे होने के कारण नाले उफान पर रहे। नालों का कचरा व गंदगी सड़कों पर फैलता रहा। कई स्थानों पर सीवर जाम के कारण चैंबर उफान पर रहे। चैंबरों से पानी निकलता रहा। जिले के कई इलाकों में खूब बरसात हुई हैं। इससे खेतो में सूख रही फसलों को फायदा होगा। वहीं उमस से राहत मिली है। जिला प्रशासन के कंट्रोल रूम के अनुसार कई जगह ज्यादा बरसात हुई है तो वहीं कहीं कम बरसात हुई है।

## कांग्रेस विधायक ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

होटल मेरियट मे राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की अध्यक्षता में शाम 4 बजे विधायक दल की बैठक होगी। जिसमें राजस्थान विधानसभा के आगामी बजट सत्र को लेकर महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी तथा जनहित के मुद्दों को उठाने हेतु रणनीति तैयार होगी। बैठक के बाद शाम 5 से 6 बजे तक नवनिर्वाचित विधायकों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन होगा।

चतुर्वेदी ने बताया कि शाम 7 बजे राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की अध्यक्षता में राजस्थान के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा एवं कांग्रेस तथा इंडिया गठबंधन व बाप के नव निर्वाचित सांसदों का स्वागत समारोह पूर्वक किया जाएगा।

## महिला क्रिकेटर्स ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

उसने शरीर का मूल्यांकन करने के बहाने नाबालिग लड़कियों की नग्न तस्वीरें खींची और उनका यौन उत्पीड़न किया। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने पोक्सो की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, केरल महिला क्रिकेट टीम के पूर्व कोच मनु को महिला खिलाड़ियों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दो दिन पहले ही तिरुवनंतपुरम से गिरफ्तार किया था। अभी वो न्यायिक हिरासत में है। पुलिस जांच में आरोपी के खिलाफ नए-नए खुलासे सामने आए हैं। पुलिस ने आरोपी मनु के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

## राहुल ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

राहुल गांधी का फिर राज भवन जाने का कार्यक्रम है और उसके बाद वह प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे।

# शिवसेना नेता के बेटे की कार से टक्कर में स्कूटी सवार महिला की मौत

- शिवसेना नेता का बेटा एवं आरोपी मिहिर शाह एक्सिडैंट से कुछ देर पहले अपने दोस्तों के साथ बार गया था, जहां जमकर शराब पी थी, शराब पीने की बात सार्वजनिक होने के बाद लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है।

मुंबई, 7 जुलाई। रविवार सुबह मुंबई के वर्ली इलाके में शिवसेना के एक नेता के बेटे ने अपनी बी.एम.डब्ल्यू. कार से दोपहिया वाहन सवार महिला को टक्कर मार दी। जिसमें महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति घायल हो गया। हादसे के बाद पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। इस हादसे में नई जानकारी सामने आई है।

ऐसा पता लगा है कि आरोपी मिहिर शाह हादसे से कुछ देर पहले अपने दोस्तों के साथ बार गया था। जहां शराब पी गई थी। पुलिस हालांकि मामले की जांच कर रही है कि क्या हादसे के वक्त मिहिर नशे में था?

पुलिस को संदेह है कि फरार आरोपी मिहिर शाह घटना के वक्त नशे में था। वह अभी फरार है और उसकी तलाश की जा रही है। वर्ली थाने के अधिकारी ने बताया कि कार के मालिक और आरोपी के पिता राजेश शाह और उसमें सवार राज राजेंद्र सिंह बिदावत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और उन्हें हिरासत में लिया गया है। राजेश शाह सीएम एकनाथ शिंदे की पार्टी शिवसेना के नेता हैं।

इस बीच, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि कानून सभी के लिए बराबर है और किसी को बख्शा नहीं जाएगा। यह पूछने पर कि क्या इस दुर्घटना में शामिल व्यक्ति शिवसेना के एक नेता का बेटा है, इस पर शिंदे ने कहा, ''कानून सभी के लिए बराबर है और सरकार हर मामले को एक ही नजरिए से देखती है। इस दुर्घटना के लिए कोई अलग नियम नहीं होगा। सब कुछ कानून के अनुसार किया जाएगा।''

बार के मालिक करण शाह के मुताबिक, मिहिर शाह शनिवार देर रात 11:00 बजे जुहू में वॉयस ग्लोबल तापस बार में अपने दोस्तों के साथ पार्टी कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मिहिर शनिवार रात 11:08 बजे मर्सिडीज में अपने दोस्तों के साथ बार में आया था। उनके साथ कोई महिला नहीं थी। रात 1:40 बजे बिल का भुगतान करने के बाद वे मर्सिडीज कार में चले गए।

# शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कांग्रेस को खुला चैलेंज दिया

## दिलावर ने कहा, माँ का दूध पिया है तो फिर से कश्मीर में धारा 370 लगाकर दिखाओ

- मदन दिलावर रविवार को झुंझुनू प्रवास पर रहे। जहां विभिन्न भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।
- दिलावर ने कहा कि, एक समय था जब कश्मीर में राम का नाम लेने वालों को गोलियों से मार दिया जाता था, कोई पाकिस्तानी युवक कश्मीरी लड़की से विवाह करके भारतीय नागरिक बन जाता था लेकिन अब वहां के हालात बदल चुके हैं।

बगड़, 7 जुलाई (निसं)। भाजपा के फायर ब्रांड लीडर और सूबे के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कांग्रेस को खुला चैलेंज दिया है। मदन दिलावर ने कांग्रेस को चैलेंज किया कि यदि मां का दूध पिया है तो वे कश्मीर में फिर से 370 धारा लागू करके दिखाएं।

दरअसल रविवार को शिक्षा मंत्री झुंझुनूं के दौरे पर रहे, इस दौरान वे बगड़ कस्बे में पहुंचे। जहां पर नगरपालिका चेयरमैन गोविंद सिंह राठौड़ की अगुवाई में दिलावर का स्वागत किया गया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा देश का अपमान किया है। कश्मीर में देशवासी भारत मां के जयकारे नहीं लगा सकते थे। अपना तिरंगा नहीं लहरा सकते थे। हिंदू भगवान श्रीराम की जय बोलते तो उन्हें गोलियां से मार दिया जाता था। पाकिस्तान का युवक कश्मीर की लड़की से शादी कर उसकी संपत्ति में हिस्सेदार हो जाता था। लेकिन हिंदुस्तानी युवक यदि कश्मीर की लड़की से शादी कर लेता तो लड़का का हिस्सा खत्म हो जाता था। कांग्रेस ने 370 की धारा की आड़ में आतंकवादियों को शरण दी और बढ़ावा दिया। अब जब भाजपा ने 370 की धारा हटा दी है। तो कांग्रेस धमकी दे रही है कि वह चीन के साथ मिलकर कश्मीर में फिर से 370 धारा लगाएगी। लेकिन मैं कांग्रेसियों से कहना चाहता हूं कि यदि उन्होंने अपनी मां का दूध पिया है तो कश्मीर में फिर से 370 लागू करके दिखाए। इस मौके पर दिलावर ने अधिक से अधिक पौधे लगाने का आव्हान किया। मंच पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, बगड़ नगरपालिका चेयरमैन गोविंद सिंह राठौड़, भाजपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य विश्वंभर पूनिया तथा भाजपा नेता राजेंद्र भांबू समेत अन्य मौजूद थे। श्री चावो मंदिर परिसर स्थित चावो वीरो अतिथि सदन में हुए कार्यक्रम में दादूद्वारा के महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी अर्जुनदास महाराज का सानिध्य रहा। वहीं चेयरमैन गोविंद सिंह राठौड़ ने स्वागत भाषण देते हुए कस्बेवासियों की ओर से शहीद प्रशांत बुंदेला राजकीय स्कूल में कला, वाणिज्य व जीव विज्ञान संकाय स्वरूप करवाने की मांग की। मंत्री दिलावर ने अभिनव प्रगति समिति की ओर से कस्बे का प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया। शिक्षाविद महेंद्र शास्त्री ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर कुलदीपसिंह कालीपहाड़ी, वीरेंद्र सिंह राठौड़, विकास खटोड़, बिरजूसिंह शेखावत, निरंजन आल्हा, उमा पुरोहित, सरजीत चौधरी, चंदगीराम सैनी आदि मौजूद थे। अभिनंदन कार्यक्रम के बाद कार्यक्रम संयोजक व मंत्री के सहपाठी श्रवणसिंह शेखावत के घर पर लंच के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके पश्चात् महात्मा ज्योतिबा फुले सामुदायिक भवन अशोकनगर में मंत्री दिलावर ने पौधारोपण किया।




राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/28296 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600